राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 नायरा बनर्जी बिग बॉस ओटीटी 3...



मोदी लोकतंत्र के सबसे बड़े... 12

गाजियाबाद, बुधवार 24 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 49, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जमीन घोटाला मामलाः हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत, जमानत याचिका पर जवाब के लिए ईडी ने कोर्ट से मांगा वक्त


**रांची ।** जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए ईडी ने एक बार फिर अदालत से वक्त मांग लिया है। सोरेन की याचिका पर मंगलवार को एक बार फिर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ने ईडी ने जवाब देने के लिए दो हफ्ते के समय की मांग की। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम



कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने ईडी को एक हफ्ते का समय देते हुए 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। रांची के बड़गाईं अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ईडी ने मामले में 30 मार्च को अदालत में हेमंत सोरेन के अलावा जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, हेमंत सोरेन के करीबी विनोद कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ चार्जशीट भी फाइल की है। इसमें बताया गया है कि हेमंत सोरेन ने न सिर्फ गैरकानूनी तरीके से जमीन हासिल की, बल्कि जांच शुरू होने पर साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश की। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के ढाई महीने बाद पहली बार जमानत की याचिका दाखिल की है, जिसपर इसके पहले 16 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी।

### पीएम मोदी के रोड शो में भगवामय होगा भोपाल

**भोपाल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज 24 अप्रैल बुधवार को रोड शो होने वाला है। भाजपा रोड शो की तैयारी में जोर शोर से जुटी हुई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दावा किया है कि इस रोड शो के दौरान अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा और भोपाल भगवामय रहेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारी का मुख्यमंत्री यादव ने सोमवार की रात को जायजा लिया और उस सड़क मार्ग से भी होकर गुजरे जहां से रोड शो निकलने वाला है। मंगलवार को उन्होंने भाजपा मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से चर्चा करते



हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो में जहां भोपाल भगवामय होगा, वहीं राज्य की संस्कृति और समृद्धि भी नजर आएगी। मुख्यमंत्री यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, यहां विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि पुष्प वर्षा करेंगे और बंगाली समाज की महिलाएं विशेष तौर पर स्वागत करेंगी। इस मौके पर ढोल, नगाड़ों के साथ लेजर से भी स्वागत होगा। आदिवासी दल भी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। रोड शो में ठीक वैसा ही नजारा होगा जैसे महाकवि ने कहा था कि सर्व लोक उतर आया है। विधानसभा चुनाव के दौरान एक नारा गूंजा था – मोदी के मन में मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश के मन में मोदी। यह बात चुनावी नतीजे में भी दिखने वाली है। मुख्यमंत्री यादव का दावा है कि लोकसभा चुनाव के समय भी ऐसा ही है और नतीजे में भी यह बात दिखेगी। प्रधानमंत्री का रोड शो एयरटेल चौराहे से शुरू होकर नानके पेट्रोल पंप तक जाएगा। यह रोड शो लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा होगा। रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग की जा रही है। इसके अलावा भारतीय पुलिस सेवा के 30 से अधिक अधिकारियों के निर्देशन में 2000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

# 'खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है कांग्रेस' तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति उसके डीएनए में हैः पीएम मोदी

**चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया और आरोप लगाया कि पार्टी खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है और तुष्टिकरण करती है और वोट बैंक की राजनीति पार्टी के डीएनए में है। प्रधान मंत्री की टिप्पणी उनके "धन के पुनर्वितरण" वाले बयान पर विवाद के रूप में आई, जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया और कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना की और मामले को भारत के चुनाव आयोग में ले गई। जांजगीर-चांपा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की हर गारंटी पर मुहर लगाई है।



मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। भाजपा के हर साथी को आप सब ने बहुत आशीर्वाद दिया, हमारे सेवा भाव को बहुत मान दिया। इसके लिए मैं आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के जिस मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे, हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था कि मंदिर कब बनेगा? हमने उन्हें तारीख भी बताई, समय भी बताया, निमंत्रण भी भेजा, लेकिन उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। कांग्रेस खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के उ्ठअ में है। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक भी ?छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएगी। जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। हमारी प्राथमिकता- गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले करीब 60 वर्ष तक, कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधा या रिमोट से सरकार चलाई। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि दलित, पिछड़े, आदिवासियों की भागीदारी बढ़े। मोदी ने कहा कि 2014 में आपने, अपने बीच से आए मोदी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं आप सभी के बीच से आया हूं। मैं गरीबी को जी कर आया हूं। जिन मुसीबतों को आपके माता-पिता ने झेला है, उन्हें मैंने भी झेला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब एक और बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक से कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर देंगे और अब कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर देश का संविधान लागू नहीं होता, गोवा पर देश का संविधान थोपा गया। ये भारत का और बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान है।

## भारत में बिकने वाले मसालों की जांची जाएगी गुणवत्ता, हांगकांग-सिंगापुर की आपत्ति के बाद सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** भारत में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांची जाएगी। यह फैसला हांगकांग, सिंगापुर द्वारा दो लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों झ्र एमडीएच (MDH) और एवरेस्ट के मसालों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद लिया गया है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है जिससे कैंसर होने का खतरा होता है।

नियामक ने विक्रेताओं को इनकी बिक्री रोकने का निर्देश दिया था। सरकारी सूत्र ने कहा कि खाद्य सुरक्षा नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने देशभर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के पाउडर के नमूने लेने शुरू कर दिए हैं। एफएसएसएआइ निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता को नियंत्रित नहीं करता है। सरकारी सूत्रों ने कहा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत काम करने वाले एफएसएसएआइ घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच करेगा।

देश के सभी खाद्य आयुक्तों को अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन से चार दिनों में देश की सभी मसाला निमार्ता इकाइयों से नमूने एकत्र किए जाएंगे। सिर्फ एमडीएच और एवरेस्ट ही नहीं सभी मसाला कंपनियों से नमूने लिए जाएंगे। लैब से लगभग 20 दिनों में रिपोर्ट आ जाएगी। इस बीच भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध की जांच कर रहा है।

## समस्तीपुर में दिलचस्प मुकाबला, बिहार के दो कद्दावर नेताओं के बेटा-बेटी आमने-सामने

**समस्तीपुर।** लोकसभा चुनाव में इस बार समस्तीपुर सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर 12 मई को चुनाव होने हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खास बात यह है कि इस सीट पर दो कद्दावर नेताओं के बेटा-बेटी चुनावी मैदान में हैं। बता दें, एनडीए ने जहां इस सीट पर नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने सन्नी हजारी को कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित किया है। सन्नी हजारी बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह नीतीश सरकार के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी के बीच ये मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक एनडीए की और से दूसरा महागठबंधन की ओर से। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शांभवी चौधरी 19 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। वहीं, सन्नी हजारी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उधर, दोनों ही उम्मीदवार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जनता को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं।




एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी के नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद सभा के दौरान एनडीए घटक दल के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। उस मंच पर महेश्वर हजारी कहीं नजर नहीं आए। समस्तीपुर सुरक्षित सीट से पहली बार चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही एनडीए प्रत्याशी शाम्भवी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं। शांभवी ने मंत्री महेश्वर हजारी को नसीहत देते हुए कहा कि जो जिस पार्टी में होते हैं, उन्हें पार्टी धर्म का पालन करना चाहिए। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं होता राजनीति में। उनके पिताजी का भी हम आशीर्वाद मांगेंगे। वो हमारे एनडीए दल के खास सदस्य हैं। वह उम्मीद करती हैं कि वह अपने राजनीतिक धर्म का पालन करेंगे।

## दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता।



सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी। अदालत ने राज्य के अधिकारियों को याचिकाकर्ता महिला (राज्य में बतौर भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर कार्यरत) को सीसीएल देने की याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया। उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। अपने बेटे के इलाज और सीसीएल के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के कारण उनकी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त हो गईं।

## फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने 7 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज दिल्ली की रोज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। अब 7 मई को अरविंद केजरीवाल की अगली पेशी होगी।



सीएम केजरीवाल मंगलवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद पेश हुए थे। इससे पहले आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की दिल्ली की एक अदालत ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दिया था। 14 दिनों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद केजरीवाल को जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।

## हनुमान जयंती पर सीएम योगी ने की पूजा अर्चना

**गोरखपुर ।** यूपी के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुखदायक और शोकनाशक श्रीहनुमत महाप्रभु की विधि विधान से आराधना की। सभी नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने उनके अरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की। लोकसभा चुनाव में पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार में सीएम योगी की व्यस्तता देशव्यापी है। प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी वो ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। युद्ध स्तरीय चुनावी व्यस्तता के बीच सोमवार को अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को गोरखपुर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने तथा अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेकने के बाद उन्होंने रात विश्राम



गोरखनाथ मंदिर में किया। मंगलवार सुबह सीएम योगी की परंपरागत दिनचर्या में हनुमान जयंती पर विशेष आराधना भी शामिल रही। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को होने वाले श्री हनुमत के प्रकटोत्सव के दिन उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया और आरती उतारी। गोरखनाथ मंदिर में हनुमान जी के दो विग्रह स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों विग्रहों के समक्ष आराधना कर हनुमान जी से लोकमंगल की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योने श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। एक्स पर एक पोस्ट भी लिखा, ह्लश्री हनुमान जयंती की प्रदेश वासियों एवं सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। संपूर्ण सृष्टि में सुख-शांति व समृद्धि का वास हो, उनसे यही प्रार्थना है। ॐ हनुमते नमः।

खुलासा | SIPRI की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# सेना पर खर्च करने के मामले में भारत दुनिया का चौथा देश बना

**नई दिल्ली।** भारत सेना पर सबसे ज्यादा खर्च वालों की लिस्ट में दुनिया का चौथा बड़ा देश है। इसकी जानकारी स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पड़ोसी देश चीन के बढ़ते सैन्य खर्च और क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने पड़ोसी मुल्कों के भी खर्च को बढ़ा दिया है। इसी बीच जापान और ताइवान ने भी अपने सैन्य वजट में 11 प्रतिशत का इजाफा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 के मुकाबले भारत ने अपनी सेना पर 4.2 प्रतिशत अधिक खर्च किया। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में अपनी सेना पर सबसे ज्यादा अमेरिका ने खर्च किया है। दूसरे नंबर नंबर पर चीन और तीसरे स्थान पर रूस है। भारत का नाम चौथे पायदान पर है। भारत साल 2022 में भी सेना पर खर्च करने



वाले देशों की लिस्ट में चौथे स्थान पर था। भारत ने पिछले साल 2023 में 83.6 बिलियन अमेरिका डॉलर खर्च किया। रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन का सैन्य खर्च 51 प्रतिशत बढ़कर 64.80 बिलियन डॉलर हो गया। रूस का सैन्य वजट 24 फीसदी बढ़कर 109 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका ने 2.3 प्रतिशत सैन्य बजट बढ़ाकर 916 बिलियन डॉलर कर दिया। जबकि चीन 6 प्रतिशत बढ़ाकर 296 बिलियन डॉलर कर दिया। दुनिया में हथियार खरीदने की ऐसी होड़ मची कि वैश्विक सैन्य खर्च 7% बढ़कर 2,443 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में वैश्विक सैन्य खर्च में एक दशक की सबसे तेज वृद्धि हुई है। यह इजाफा दुनिया के कई हिस्सों में चल रही जंगों और अन्य वजहों से हुआ है।

## नीतीश ने बिहार की जनता को लिखा पत्र, 2005 से पहले की सरकार की दिलाई याद

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूसरे चरण में 26 अप्रैल को प्रदेश की



पांच लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के पहले मंगलवार को एक पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने न केवल लोगों को 2005 से पहले की सरकार की याद दिलाई, बल्कि यह भी कहा कि बिहार की सेवा ही हमारा धर्म है। पूरा बिहार हमारा परिवार है। जदयू ने इस पत्र को अपने एक्स हैंडल से भी पोस्ट किया है।

पत्र में कहा गया है कि आपको याद होगा कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। बिहार का खजाना खाली था। सडक, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। पत्र में आगे लिखा कि यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-**दुनिया में** अपमान झेलना पड़ता था। इसके बाद 2005 में घना अंधेरा छंटा। उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता **ने राज्य में** एनडीए की सरकार को मौका दिया। और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

उन्होंने पत्र में एनडीए सरकार में किये गए कार्यों का जिक्र करते हुए पत्र में लिखा कि बिहार को उसकी खोई हुई गरिमा वापस मिली। आज बिहार का परचम देश-दुनिया में लहरा रहा है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# दो मासूम बच्चियों ने खेल-खेल में खाई कीटनाशक दवा, दोनों की मौत, चूर्ण समझकर खाई थी कीटनाशक दवा

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*औरंगाबाद (कासिम अहमद)।* नगर के मौहल्ला जंगलीपीर में दो बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक दवा खा ली। जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक के बाद एक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने गमगीन माहौल में उनके शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नगर के मौहल्ला जंगलीपीर निवासी नदीम मेवाती की दो मासूम बच्ची घर पर खेल रही थी। दोनों मासूम बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक दवा खा ली। जिसके बाद दोनों की हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में दोनों को शहर के लक्ष्मी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां एक के बाद एक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि नगर के मौहल्ला जंगलीपीर निवासी नदीम विदेश में काम करता है। बताया गया है कि नदीम की दोनों मासूम बच्ची घर पर ही खेल रही थी। बाकी सदस्य घर के बाहर काम कर रहे थे। खेलते समय उनकी दो मासूम बेटी तीन वर्षीय आफिया और चार वर्षीय अफरीन ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। थोड़ी देर बाद दोनों की हालत बिगड़ गई। जब बच्चे चिल्लाने लगे तो परिजनों ने बच्चों को देखा और उनको लेकर अस्पताल लेकर भागे। जहां एक के बाद एक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर



बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी विनोद यादव का कहना है कि परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार किया है।

*तीन लड़कियां थी नदीम पर*

परिजनों के अनुसार नदीम पर तीन पुत्रियां थीं।जिसमे सबसे बड़ी आफियांन, दूसरे नंबर की आफरीन और तीसरे नंबर की दो माह की पुत्री थी। दोनो बच्चियों की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मां अजरूम निशा रोते हुए कई बार बेहोश हो जाती है और दोनो बच्चियों को याद करते हुए रोने लगती है।

## हनुमान जयंती के अवसर पर महादेव मंदिर में किया गया सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*गुलावठी। (सैय्यद मजहर)* नगर के महादेव मंदिर में हनुमान जयंती



के पावन अवसर पर सुंदर काण्ड प्रवचन एवम भंडारे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला सोलंकी के पति देवेंद्र सोलंकी रहे। देवेंद्र सोलंकी ने सुंदर काण्ड सुना । इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी द्वारा पटका पहनकर इनका स्वागत किया गया। सुंदरकांड समाप्त होने के पश्चात भंडारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सभी को प्रसाद वितरित किया गया । इस कार्यक्रम में अनिल सिंघल, कुशल वर्मा ,सचिन सैनी, हरिओम डागर, कुलदीप मित्तल, दिनेश गोयल मोनू गोयल, सुरेंद्र गोयल, नितिन सिंघल ,आदि इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शौभायात्रा

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*पहासू।* हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम सेना मण्डल पहासू के तत्वावधान मे बुधवार को गाजे -बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथ में भगवा ध्वज धारण कर हनुमान भक्तों ने जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया।
पहासू के शिव मन्दिर से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ समाज सेवी श्रीमती मधु सिंह चौहान पुत्री रमेशपाल सिंह राघव पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने फीता काट कर किया। दर्जनों बग्घियों शिव-पार्वती, हनुमान के सजीव स्वरूपों के अलावा राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झांकी सभी का मन मोह रही थी हनुमान भक्तों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। बेंड



बाजों की धार्मिक धुनों पर युवा नृत्य कर रहे थे। महिलाओं व पुरुषों ने जगह-जगह पर हनुमान जी की आरती उतारी।पूरा बातावरण जय श्री राम के नारो से गुजांयमान हो रहा था।मौके पर प्रशान्त वशिष्ठ, कुलदीप सिंह मण्डल अध्यक्ष भाजपा, मोहित सोनी, छोटू बाबा, विवेक चौधरी, कपिल चावडा, के के सभासद, कान्हा सोनी, मोनू वर्मा, चिन्टू कुमार, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे ।

## कारखाने में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, दो आरोपियों को भेजा जेल

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*औरंगाबाद (कासिम अहमद )।* नगर के मौहल्ला नूर तालाब के पास सिलाई के कारखाने में 20 दिन पहले हुई लाखों की चोरी का खुलासा औरंगाबाद पुलिस ने कर दिया है। घटना में शामिल दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया। इनके पास से चोरी का सामान व अवैध असलाह कारतूस बरामद किया गया।

औरंगाबाद नगर के मौहल्ला नूर तालाब के पास सिलाई के कारखाने में 20 दिन पहले अज्ञात चोरों ने कई सिलाई की मशीन ( आटोमैटिक) व 1 होम थियेटर आदि सामना चोरी कर लिया था। जिसको लेकर पुलिस ने कारखाना मालिक शादाब की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। चोरी की घटना के बाद से पुलिस लगातार चोरों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने दो आरोपी फैजान पुत्र गुलजार



निवासी मौहल्ला वाल्मीकि चौक (देहली दरवाजा ) व कासिफ उर्फ तोता पुत्र सहफुल्ला निवासी मौहल्ला देहली दरवाजा कस्बा व थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर को सिलाई के कारखाने से चोरी किया गया सामान व अवैध असलाह कारतूस बरामद सहित पवसरा रोड स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार किये गये चोरों ने सिलाई कारखाने में घटित हुई लाखों की चोरी के जुर्म को स्वीकार किया है। दोनों आरोपियो के पास से पुलिस ने दो तंमचा बारह बोर, दो जीवित कारतूस, दो सिलाई मशीन और एक होम थियेटर मय रिमोट बरामद किये हैं।

*गिरफ्तार टीम में : -*

औरंगाबाद कोतवाल विनोद कुमार, उ0नि0 विनोद कुमार अहलावत, उ0नि0 मो0 अकरम खां का0 गौरव कुमार, का0 रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

## भाजपा प्रत्याशी डॉ.महेश शर्मा के लिए वोट मांगने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले, राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि देश बनाने के लिए होना चाहिए

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*दादरी।* बिसाहड़ा में गौतमबुद्ध नगर के भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे, मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठजनों ने राजनाथ सिंह को फूलों की माला पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और वहां पर जनसभा को काफी संख्या में सुनने वाले लोगों का आभार प्रकट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आज मैं यहां पर लम्बे समय के बाद आया हूँ। जिस स्थान पर यह कार्यक्रम हो रहा है यह स्व. मेघनाथ सिंह के द्वारा निर्मित विद्यालय है। स्व. मेघनाथ का मुझे पुत्रवत स्नेह प्राप्त था। एक समय में नोएडा उत्तर प्रदेश के नेताओं और अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का एक बहुत बड़ा सेंटर था लेकिन आज मोदी और योगी के नेतृत्व में यह नोएडा भ्रष्टाचार का केंद्र नहीं बल्कि भारत का एक बिजनेस सेंटर बनकर खड़ा



हो गया है। यहां जिस तरह से अपराधियों का खौफ था माफियाओं का राज था लेकिन यह सब बीते दिनों की बातें हो गई, आज केवल उत्तर प्रदेश में नहीं पूरे हिंदुस्तान में यदि कोई जगह पर्यटन और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है तो हमारा यह नोएडा जाना जाता है। अपने संबोधन में जेवर एयरपोर्ट को लेकर कहा कि मुझे याद है जब मैं उ0 प्र0 का मुख्यमंत्री था तो जेवर एयरपोर्ट का प्रस्ताव लेकर मैं भारत सरकार के पास गया था, बीच में दूसरी सरकारें आती रही और उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। लेकिन मैं प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने संकल्प ले लिया कि जेवर में भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाना है तो आज यह एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है।उत्तर प्रदेश जिनकी गणना गरीब राज्यों में की जाती थी लेकिन आज सीना ठोककर आप कह सकते हैं कि डबल इंजन की सरकार के कारण करिश्मा हुआ है। आज उत्तर प्रदेश की गणना गरीब राज्यों में नहीं की जाती है, कुछ ही वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, देश की अर्थव्यवस्था में पांचवां हिस्सा उत्तर प्रदेश का होगा। भाजपा इकलौती ऐसी पार्टी है कि जो कहती है वो करती है। सन् 1951 से हम कहते आ रहे हैं कि जिस दिन संसद के दोनों सदनों में हमें बहुमत मिल जाएगा हम धारा 370 को हटा देंगे। और आपने देखा कि बहुमत मिलते ही हमने धारा 370 हटा दिया। हम 1984 से कहते आ रहे हैं कि जिस दिन केंद्र में हमारी सरकार बन जाएगी अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बनकर रहेगा। हम नारे लगाते थे ह्व राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगेह्व , आज अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बन गया और हमारे प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी को देष के सभी संत महात्माओं की नेतृत्व में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी, जो कहा था कर-के दिखा दिया। अब भगवान राम अपनी कुटिया से निकलकर महल में पहुंच चुके हैं तो अब भारत में रामराज्य की स्थापना हो कर रहेगा। भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि जनता की आंख में धूल झोंककर राजनीति मत करो, आंख में आंख डालकर राजनीति करो। जनता को धोखे में रखकर मैंने कभी राजनीति नहीं की है। आज से कुछ दिन पहले जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता था तो कोई ध्यान से नहीं सुनता था लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। आज भारत 11वीं स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गया और 2027 तक हमारा भारत टाप 3 देषों में आकर खड़ा हो जाएगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम भारत वासियों के हाथों से मिसाइल बनाते हैं। जो पहले आयात करते थे, अब निर्यात करते हैं। अब भारत कमजोर देश नहीं बल्कि मजबूत देश बन गया है, कोई अगर भारत की तरफ आंख उठाए तो उसे मुंह तोड़ जवाब दे सकता है। संबोधन के अंत में उन्हानें कहा कि डा. महेश शर्मा अपने क्षेत्र के विकास के लिए मंत्रियों को बहुत परेशान करते हैं। यदि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो महेश शर्मा को एक बड़ी जीत दिलवाकर भारत की संसद में भेजना है और अगली बार स्वागत करवाने नहीं बल्कि आपका आभार व्यक्त करने आऊंगा।भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों का मुझपर कर्ज है। मास्टर के बेटे को आपने यहां तक पहुंचाया, मोदी सरकार में चार-चार मंत्रालयों में काम करने का अवसर मिला।

## बेटी को बहला फुसलाकर ले गया, रिपोर्ट दर्ज

*बुलन्द संदेश संवाददाता*

*पहासू।* क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने दूसरे गांव के युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर गांव से भगाकर ले जाने की तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिख कर जांच शुरू कर दी है।पिता द्वारा तहरीर में बताया गया कि गत शनिवार को वह परिवार के साथ खेत पर गेहूं की कटाई कर रहा था,तब बेटी को अकेली पाकर मोहित उर्फ चीनू निवासी गांव शाहपुर कलां मेरे घर घुस आया तथा मेरी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। वे घर में किसी काम के लिए रखे 85000 रुपये भी अपने साथ ले गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पूजा अर्चना कर भंडारे का किया आयोजन

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*शिकारपुर।* नगर स्थित श्री बालाजी मंदिर पर स्थित बालाजी मंदिर के अध्यक्ष व डीएपी इंटर कॉलेज के प्रबंधकसुनील कुमार पालीवाल एडवोकेट द्वारा श्री बालाजी के जन्म उत्सव



परिसर में श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। खुर्जा अड्डे पर, पंडित चमन कुमार शास्त्री द्वारा, हवन, पूजा, अर्चना संपन्न कराई।,विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## मतदान में सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यकः एसडीम

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*शिकारपुर ।* 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा नगर पालिका कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे उपजिलाधिकारी शिकारपुर प्रियंका गोयल व अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर शम्भूनाथ इंटर कॉलेज तक संपन्न हुई रैली में मतदाताओं को दिनाँक 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। एवं छात्रों द्वारा लोगों को विभिन्न नारों के माध्यम से जागरूक भी किया गया। रास्ते में





*नगर पालिका कर्मियों के साथ कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया*

*निकाली नगर में मतदाता जागरूकता रैली, 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने साथ ही अपने आसपास के सभी नागरिक गण को मतदान के लिए प्रेरित करें।*

लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए सारे काम छोड़ दो सबसे पहले बोट दो के नारे लगाए गए। उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को टी-शर्ट देकर प्रोत्साहित किया गया व युवा मतदाताओं ने बहुत ही उत्साह के साथ सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली साथ ही उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा संचालित एमआरएफ सेंटर पर गीला कचरा व केंचुए की सहायता से निर्मित वर्मी कंपोस्ट के बैग भी वितरण किये गए।

इस अवसर पर राजेन्द्र लोधी, बबलू कुमार, वीरेंद्र गर्ग, रंजीत सैनी, टीकम सूर्यवंशी, पालिका स्टॉफ व शंभूनाथ इंटर कॉलेज के अध्यापकगण व छात्र उपस्थित रहे।

**हनुमान जन्मोत्सव**

**श्री गुरु चरण सरोज राज निज मन मुकुर सुधार**

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, भंडारे लगाकर बाटा प्रसाद

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*शिकारपुर। (अशोक पाठक)* चैत्र मास की पूर्णिमा को जिलेभर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। नगर से लेकर देहात तक मंदिरों और घरों में हनुमान जी की पूजा की गई। हनुमान मंदिरों को

**मंदिरों में हुआ हवन यज्ञ सुंदरकांड पाठ भंडारों की रही धूम**

लाइटों से सजाकर वहां बजरंगी का मनोहारी श्रृंगार किया गया। जगह-जगह हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ के साथ ही भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान सुंदरकांड पाठ और हवन यज्ञ किया गया। मंदिरों में हनुमान जी की मूर्ति पर चोला चढ़ाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के समापन पर दर्जनों स्थानों पर भंडारे का आयोजन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। नगर के प्राचीन झाड़ीपत मंदिर मैं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। अखंड सुंदरकांड प्रसार समिति शिकारपुर द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। नगर में जगह-जगह हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में बालाजी भक्तों द्वारा बूदी गुलदाने हलवा पुरी के प्रसाद का वितरण किया गया। संपूर्ण नगर हनुमान जी के जयकारों से गुंजायमान रहा।

*श्री हनुमान जन्मोत्सवः झाड़ी पथ मंदिर पर सुंदरकांड का आयोजन*



नगर स्थित प्राचीन झाड़ी पथ मंदिर मैं सुंदरकांड पाठ का दआयोजन किया गया। अखंड सुंदरकांड प्रसार समिति शिकारपुर द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इस दौरान राजेश शर्मा लक्ष्मी नारायण विजय डागुर आनंद शर्मा पंकज सिंघल आदि भक्त उपस्थित रहे।

*भंडारों की रही धूम, लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया*

चैत्र पूर्णिमा में हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में भंडारों की धूम रही।
बालाजी मार्केट मोहल्ला मोरवन स्थित हनुमान मंदिर छोटा बाजार राजू कलई बालों की दुकान के पास, बड़ा बाजार मोहल्ला सराय, जहांगीराबाद चुंगी शिव मंदिर, खुर्जा अड्डे के पास सुरेश चाय वालों की दुकान पर समाजसेवी चुन्नी लाल सैनी ने, मूर्ति बिहार से मंदिर, समेत अनेक मंदिरों में हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

*हवन कर मनाया केसरी नंदन की पूजा की*

नगर स्थित प्राचीन श्री बालाजी मंदिर पर बजरंगबली जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में पंडित ने मंत्रोंचारण हवन पूजन कराया। डीएपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील पालीवाल ने आरती की। पूरे दिन प्रसाद का वितरण किया गया।

## गांव आ रहे युवक की तबियत बिगड़ी, मौत

*बुलन्द संदेश ब्यूरो*

*पहासू ।* फरीदाबाद से पहासू के गांव गंगागढ आ रहे युवक की तबियत बिगड़ने से रास्ते मे ही मौत हो गई। गंगागढ निवासी युवक फरीदाबाद से अपने गांव के लिए निकला,पहासू पहुंचकर उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई रात कोई वाहन नही मिलने से वह गांव नहीं जा सका। सुबह तड़के लोगों ने अस्पताल के पास सड़क के किनारे युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी।युवक की पहचान गंगागढ निवासी अरविंद पुत्र रोहन सिंह के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने शव सौंप दिया।

# जोनल मजिस्ट्रेट ने किया गुलमोहर एन्क्लेव में बूथों का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में लोकसभा चुनाव के लिए बने दोनों पोलिंग बूथों का जोनल मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण किया। मंगलवार को जोनल मजिस्ट्रेट सौरव कुमार गुलमोहर एन्क्लेव पहुँचे। यहां सीनियर सिटीजन हॉल व कम्युनिटी हॉल में बनाये गए पोलिंग बूथों की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सोसायटी के आरडब्लूए पदाधिकारियों से वार्ता कर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाने के सम्बंध में भी वार्ता की। जोनल मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार ने बताया कि पहली बार गुलमोहर एन्क्लेव में पोलिंग बूथ बनाया गया है जिसकी सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाने के लिए निरीक्षण किया गया है। इस मौके पर मौजूद रहे गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए कार्यकारिणी के सदस्य जी सी गर्ग ने भी जोनल मजिस्ट्रेट को पूरी सोसयटी की तरफ से पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके सुरेंद्र सिंह राजपूत, गौरव बंसल, रविंद्र रिहानी राहुल त्यागी, मौजूद रहे।



# शारदा में दो दिवसीय खेल विज्ञान एंव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। शारदा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंव युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कैंपस में किया गया। इस सम्मेलन का विषय ह्यखेल विज्ञान एंव प्रबंधन में नवाचार एंव रणनीतियांह्य था जिसके तहत कार्यक्रम में अनेक प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। श्रीलंका के संसद सदस्य रंजीथ भंडारा ने कहा कि यह सम्मेलन खेल विज्ञान और प्रबंधन के क्षेत्र में पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक व्यावसायिकता को एकीकृत का केंद्र बना। नवाचारी रणनीतियों, सोशल मीडिया और उभरती तकनीकों के उपयोग से वैश्विक खेल में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। इस सम्मेलन का उद्देश्य खेल उद्योग के पेशेवरों, स्टार्टअप और विशेषज्ञों को उनके विचारों, क्षमतावान अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा हुई। कस्टम के आयुक्त एस के मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश जनसंख्या में सबसे आगे है लेकिन खेल के क्षेत्र में हम अभी काफी पीछे है। भारत में अन्य देशों की तरह खेल का बड़ा बाजार है लेकिन हम उसका सही प्रकार से इस्तेमाल नहीं कर पा रहे है। हमारे प्रधानमंत्री ने खेल के क्षेत्र में कई प्रकार के कदम लिए है जिससे पहले के मुकाबले बहुत सुधार देखा जा सकता है। शारदा विश्वविद्याय अपने छात्रों को खेल के लिए प्रोत्साहित कर रहा है और साथ अनेक कार्य भी कर रहा है।

# मोदी का परिवार "मोदी है तो मुमकिन है" को सफल बनाने की ओर : रविंद्र आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

## 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं, अब पूरा देश बोल रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**।। भाजपा कार्यकर्त्ता डोर टू डोर जाकर बीजेपी की मुहीम पुरी करने में लगे है। यानि की आम सड़को पर बीजेपी कार्यकर्त्ता देखे जा सकते है। बीजेपी पार्टी के भाजपा कार्यकर्ताओ ने गाजियाबाद में वार्ड न.12 के पार्षद प्रत्याशी अजीत गौतम एवं महिलाओं कार्यकर्ता बहनो के साथ मिलकर घर-घर, जाकर मोदी के परिवार का प्रचार - प्रसार किया। कार्यकर्त्ता गली - गली बताने में सफल रहे की 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। अब पूरा देश बोल रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार। कार्यकत्तार्यों ने 26 अप्रैल की वोटिंग के लिए आम लोगों से बीजेपी के चुनाव चिह्न कमल के फूल के बटन पर वोट देने की अपील कर रहे है। जिसमे की अपील किया। जिसमे कार्यकर्त्ता मुख्य रुप मे भाजपा पार्षद प्रत्याशी अजीत गौतम, रोहित गौतम, केशव मोहल्ला हरदेव सहाय, प्रेम पुरी एवं आत्मा राम का अहाता मे आर्य समाज के मीडिया प्रभारी परवीन आर्य ने सहयोगी बन सभी कार्यकर्त्ता के साथ मिलकर मोदी का परिवार के जमकर नारे लगाऐ एवं कमल के फूल के वोट कर बीजेपी को जिताने का आगवह्न किया। गाजियाबाद की जनता से बीजेपी के चुनाव चिह्न कमल के फूल के बटन पर वोट देने एवं लोकसभा की सांसद सीट लड़ रहे प्रत्याशी अतुल गर्ग को जिताने की भाटी शिवम भाटी, बाबू भाई,आयुष्मान शर्मा, शिवम शर्मा, राकेश काका, भाई निरंजन, शिवम, आशु, अंशुमन,शिव आर एंड सन, कुमार रविंद्र, देवेंद्र जाटव, बंटी भैया, देवेंद्र गौतम, विशाल चौरसिया, बच्चा प्रिन्स,नीरज वाल्मीकि, परवीन आर्य,एवं बहन ज्योति बिस्ट, दीदी सुष्मा, मीना गुप्ता, नीरू शर्मा, सुनीता, रेनू, पूजा वर्मा, राखी ठाकुर, पूजा ठाकुर, पलक गुप्ता आदि प्रचार - प्रसार में उपस्थित रहे।



# भाजपा लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह को मिल रहा भारी समर्थन : डॉ.आशा खेदड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार(राजेश सलूजा)**। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने दावा किया है कि लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह के चुनाव प्रचार को जनता को भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब

## जनता ने दर्शाई तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की प्रतिबद्धता

तक भाजपा उम्मीदवार ने जिन हलकों का दौरा किया है, उन हलकों में जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में प्रतिबद्धता दर्शाई है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए सबसे पहले उम्मीदवार घोषित करके प्रचार अभियान शुरू कर रखा है। पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों व मोर्चों की बैठक लेकर संबंधित कार्यकर्ताओ को मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जनता इन नीतियों से अनभिज्ञ न रहें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई है, जिनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इन नीतियों का लाभ उठाकर हर वर्ग का उत्थान हुआ है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 400 पार का नारा दिया है और इस नारे को देश की जनता के सहयोग से साकार करना है। जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। उन्होंने कहा कि विरोधी दल कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी भी नहीं उतार पाई है, जिसके चलते विरोधियों के हौंसले चुनाव से पहले ही पस्त हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि हिसार सहित हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर सभी उम्मीदवार भारी मतों से चुनाव जीतेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।




# राष्ट्रहित में मोदी का प्रधानमंत्री बनना जरूरी मोदी है तो मुमकिन है: हरप्रीत सिंह जग्गी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)**। प्रताप विहार लीलावती में आयोजित कार्यक्रम में सिक्ख समाज द्वारा भाजपा को पूर्ण समर्थन देने का फैसला लिया है। दशमेश दरबार प्रताप विहार के प्रमुख सेवादार हरप्रीत सिंह जग्गी व उनकी समिति ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा सिक्ख गुरुओं व छोटे साहिबजादों द्वारा देश, धर्म व मानवता के लिए दी गई शहादत को पर्याप्त सम्मान देना, समाज के लिए गौरव की बात है। यह सत्य है कि मोदी है तो यह मुमकिन है। प्रधान हरजीत सिंह बिट्ठू ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा करतारपुर कोरिडोर खोलने तथा मुख्यमंत्री योगी द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर गुरू ग्रंथ साहिब का प्रकाश कराकर संगत को बुलाकर पूरे समाज का मान सम्मान बढ़ाया है, ऐसा इससे पूर्व किसी भी राजनीतिक दल द्वारा ऐसा नहीं किया गया था, इसी बात को दृष्टिगत रखते हुए सिक्ख समाज द्वारा भाजपा व उसके प्रत्याशी अतुल गर्ग का समर्थन करने का निर्णय लिया है।महासचिव सुखविंदर सिंह ने विश्वास जताया कि जीतने के बाद अतुल गर्ग भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व अपने पिता पूर्व महापौर दिनेश चंद्र गर्ग की तरह सिक्ख समाज व समाज के अन्य सभी वर्गों के मान सम्मान का ध्यान रखेंगे।सिक्ख यूथ के गगन सिंह अरोड़ा ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह द्वारा गाज़ियाबाद से नांदेड की फ़्लाइट चालू कराकर व प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रोड शो में दिये गये सरोपा को सत्कार देकर सिक्ख संगत का दिल जीत लिया है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग उ0प्र0 के पूर्व सदस्य व भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक सरदार एस पी सिंह, निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील यादव को सरोपा देकर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह जग्गी, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह बिट्ठू, झुझार सिंह, गगन सिंह अरोड़ा, चरनजीत सिंह बग्गा, दयाल सिंह, सुधीर शर्मा, अमित (सोनू) बग्गा व जगमोहन सिंह आदि साथ रहे।



# जनता समझदार है वह प्रत्याशी को देखकर ही वोट करेगी,परिणाम कुछ भी हो सकता है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। तोमर खरे नहीं उतरे तो हर बार भारी बहुमत से जिताने वाली जनता ने ही उन्हें हराया था ठीक उसी प्रकार बालेश्वर त्यागी जी के साथ भी यही हुआ जब कोई मोदी योगी जी का दौर नहीं था गाजियाबाद भाजपा का गढ़ शुरू से ही रहा है पर वोट हमेशा प्रत्याशी को देखकर ही दिए हैं 2009 में जब राजनाथ सिंह गाजियाबाद से चुनाव लड़े थे।

केंद्र में भाजपा सरकार ना होते हुए गाजियाबाद वासियों ने उनको जिताया थाका पुराना इतिहास रहा है कि उन्होंने हमेशा प्रत्याशी को देखकर ही वोट दी है तीन बार सांसद रहने के बाद जब शहरवासियों की अपेक्षाओं पर तीन बार के सांसद रमेश चंद तोमर खरे नहीं उतरे तो हर बार भारी बहुमत से जिताने वाली जनता ने ही उन्हें हराया था ठीक उसी प्रकार बालेश्वर त्यागी जी के साथ भी यही हुआ जब कोई मोदी योगी जी का दौर नहीं था गाजियाबाद भाजपा का गढ़ शुरू से ही रहा है पर वोट हमेशा प्रत्याशी को देखकर ही दिए हैं 2009 में जब राजनाथ सिंह गाजियाबाद से चुनाव लड़े थे केंद्र में भाजपा सरकार ना होते हुए गाजियाबाद वासियों ने उनको जिताया था पर राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के कारण उनके अधिक व्यवस्तता की वजह से शहर वीडियो से वह निकटता नहीं बना पाए थे भाजपा थिंक टैंक के पास जब यह खबर पहुंची कि मोदी लहर होने के बाद भी हम गाजियाबाद सीट हार सकते हैं तो जनरल वी के सिंहजी को चुनाव में उतर गया और उन्होंने दो बार इतिहास रचा काफी अच्छे वोटो के मार्जिन से जीत हासिल की पर कहीं ना कहीं इस बार भाजपा थिंक टैंक से चूक हुई और इसी बात का खामियाजा गाजियाबाद की सीट को हार कर चुकाना पड़ रहा है प्रत्याशी महोदय अपनी उपलब्धताओं उपलब्धियां पर वोट ना मांग कर मोदी योगी के नाम पर वोट मांग रहे हैं जिससे कि यदि वह चुनाव हार गए तो बचने का मौका मिल जाएगा कि मोदी योगी जी के नाम पर भी जनता ने वोट नहीं दिए सरकार के प्रति जनता का विरोध था इसलिए जनता ने वोट नहीं दिए और अगर प्रत्याशी जीत जाते हैं फिर तो उनके अच्छे कार्यों के कारण ही उन्हें जीत हासिल हुई है उसका प्रचार करेंगे फिर मोदी योगी का कोई नाम नहीं आएगा इसलिए सभी शहर वासियों को प्रत्याशी से यह अपील करनी चाहिए की मान्यवर मोदी योगी के नाम पर वोट ना मांग कर आप तीन बार के विधायक को अपने काम के दम पर और स्वास्थ्य मंत्री होने के बाद आपकी उपलब्धियां के नाम पर वोट मांगे मोदी योगी को गाजियाबाद के चुनाव से दूर रखना चाहिए गाजियाबाद की जनता समझदार है वह प्रत्याशी को देखकर ही वोट करेगी परिणाम कुछ भी हो सकता है।

**जन्मोत्सव** हनुमान जन्मोत्सव पर 24 घंटे से चल रहे अखण्ड़ रामायण पाठ के पूर्ण होने पर लगा विशाल भंडारा

# बागपत के चमत्कारी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बागपत के गौरीपुर जवाहरनगर स्थित चमत्कारी संकटमोचन श्री हनुमान मन्दिर एवं सिद्ध आश्रम में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव में उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आयी जानी मानी हस्तियों ने शिरकत की और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। आश्रम के संचालक श्री धर्मवीर भगत जी के पावन सानिध्य में मन्दिर में 24 घंटे से चल रहे रामायण के अखण्ड़ पाठ, मूलमंत्र माला के अखण्ड़ जाप व हनुमान चालीसा के अखण्ड़ पाठ के पूर्ण होने पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने पूणार्हूति दी। विभिन्न भगवानों की आरती के उपरान्त भक्तों ने हनुमान जी के दरबार में बढ़-चढ़कर अरदास लगायी और अपने परिवार और देश की खुशहाली, सुख, समृद्धि व उन्नति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरान्त आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं पुरूषों और बच्चो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सेवा प्रदान की। सुबह से शाम तक चले इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखण्ड़ रामायण पाठ व पूजा करने वाले सभी सहयोगियों को आश्रम की और से वस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया और दक्षिणा प्रदान की गयी। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि हनुमान जी का यह धाम बहुत ही चमत्कारी है। इस पवित्र धाम पर उनकी कई प्रकार की समस्याओं का हनुमान जी के आशीर्वाद से समाधान हुआ है। बताया कि इस मन्दिर में असाध्य रोग तक हनुमान जी की कृपा दृष्टि से सही हो जाते है, जिसके कई प्रमाण मौजूद है। श्रद्धालुओं ने आश्रम द्वारा बाहर से आये भक्तों के लिए निशुल्क रहने, खाने-पीने आदि की व्यवस्था और अच्छे आतिथ्य के लिए आश्रम के संचालक का आभार व्यक्त किया। आश्रम के संचालक श्री धर्मवीर भगत जी ने हनुमान जन्मोत्सव में आने वाले सभी हनुमान भक्तों और सेवा कार्य करने वाले सेवादारों का आभार व्यक्त किया। हनुमान जन्मोत्सव में सेवादार रणवीर सिंह, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, आनंद कुमार, नेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, प्रवीण तोमर सिरसली, अर्जुन, तेजपाल, चंद्रपाल, रमेश, डॉक्टर संजीव आर्य, मास्टर मदन पाल, उर्मिला, विपिन, कुसुम, विशु, गौरव जैन, डा गजेन्द्र, आनन्द, कालुराम, अंकित, जगबीर राठी, डाक्टर पिन्टु, योगेन्द्र, प्रेम सिंह, रवि, विजय कुमार, विक्की कुमार, बाबूराम, ओम प्रकाश, कुलदीप, सहित हजारों श्रद्धालुगणों ने हनुमान जी के धाम मे हाजरी लगायी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।




## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

**05301/05302 मऊ - आनन्द विहार (ट) - मऊ ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05301 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05302 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 04:00 | मऊ | 14:30 | -- |
| 20:30 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

**चलने की तिथिः** 05301 मऊ और 05302 आनन्द विहार (ट) दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनोमी , शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** बेलथरा रोड, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**05309/05310 मऊ - आनन्द विहार (ट) - मऊ ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 18:00 | मऊ | 04:00 | -- |
| 10:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 12:30 |

**चलने की तिथिः** 05309 मऊ से दिनांक 28.04.2024 से 23.06.2024 (रविवार) और 05310 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** बेलथरा रोड, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**05317/05318 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05317 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05318 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

**चलने की तिथिः** 05317 छपरा से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) और 05318 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**05323/05324 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05323 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05324 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

**चलने की तिथिः** 05323 छपरा से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) और 05324 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**05325/05326 गोरखपुर - लोकमान्य तिलक (ट) - गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (प्रतिदिन) — 30 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05325 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05326 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 21:15 | गोरखपुर | 18:00 | -- |
| 02:45 | 02:55 | लखनऊ | 11:35 | 11:45 |
| 07:25 | – | लोकमान्य तिलक (ट) | -- | 10:25 |

**चलने की तिथिः** 05325 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 से 10.05.2024 (27.04.2024 को छोड़कर) और 05326 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 27.04.2024 से 12.05.2024 (29.04.2024को छोड़कर) तक।
**स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशन।

**05721/05722 कटिहार - आनन्द विहार (ट) - कटिहार ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05721 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05722 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 17:25 | कटिहार | 01:30 | -- |
| 18:50 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 23:25 |

**चलने की तिथिः** 05721 कटिहार से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) और 05722 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
**स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** नवगछिया, खगड़िया जंक्शन, बरौनी जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, छपरा, सीवान, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड और गाजियाबाद स्टेशन।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**05305/05306 छपरा - आनन्द विहार (ट) - छपरा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (द्वि-साप्ताहिक) — 36 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05305 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05306 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:55 | छपरा | 17:30 | -- |
| 20:00 | – | आनन्द विहार (ट) | -- | 22:30 |

**चलने की तिथिः** 05305 छपरा से दिनांक 30.04.2024 से 28.06.2024 (मंगलवार और शुक्रवार) और 05306 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 01.05.2024 से 29.06.2024 (बुधवार और शनिवार) तक।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा और गाजियाबाद स्टेशन।

**01925/01926 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - छपरा - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01925 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01926 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 07:00 | -- |
| 22:10 | 22:15 | लखनऊ | 23:45 | 23:50 |
| 08:45 | – | छपरा | -- | 12:00 |

**चलने की तिथिः** 01925 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) और 01926 छपरा से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मोठ, एट, उरई, कालपी, पुखरायां, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, बाराबंकी, बुढ़वल, करनैलगंज गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी और सीवान स्टेशन।

**09490 गोरखपुर - साबरमती ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 1 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09490 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 07:30 | -- |
| लखनऊ | 14:00 | 14:10 |
| साबरमती | – | 13:15 |

**चलने की तिथिः** 09490 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान :** शयनयान।
**ठहराव:** खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, अयोध्या धाम, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, आगरा किला, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, फुलेरा, अजमेर, आबू रोड, पालनपुर और महेसाना स्टेशन।

**01056 गोरखपुर - दादर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 1 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01056 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 15:30 | -- |
| लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| दादर | – | 00:25 |

**चलने की तिथिः** 01056 गोरखपुर से दिनांक 25.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बस्ती, गोंडा, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, जलगाँव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण और ठाणे स्टेशन।

**04074 हजरत निजामुद्दीन- छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 1 फेरा**

| स्टेशन | Train No. 04074 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हजरत निजामुद्दीन | 12:20 | -- |
| छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) | – | 14:45 |

**चलने की तिथिः** 04074 हजरत निजामुद्दीन से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण और दादर स्टेशन।

**04048 हजरत निजामुद्दीन - सिकंदराबाद ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 1 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हजरत निजामुद्दीन | 21:25 | -- |
| सिकंदराबाद | – | 02:55 |

**चलने की तिथिः** 04048 हजरत निजामुद्दीन से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर और बल्हारशाह स्टेशन।

**04044 नई दिल्ली - यलहंका जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 1 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04044 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 13:20 | -- |
| यलहंका जं. | – | 07:40 |

**चलने की तिथिः** 04044 नई दिल्ली से दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) को।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, सिकंदराबाद, गुंतकल और धर्मवरम स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

1221/24
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में झुग्गी झोपड़ी रहने वाले बच्चों को केले के फल वितरण किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद इकाई के तत्वाधान में

**सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने कहा कि धर्मार्थ से पुरुषार्थ कमाने का रास्ता हमेशा खुला रहता है**

गाजियाबाद की झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में मैं सड़क के किनारे मजदूरों के बच्चों को फल वितरित किए। सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने बताया आज हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर रेड क्रॉस गाजियाबाद द्वारा झुग्गी झोपड़ी में तथा मजदूरों के बच्चों को फल वितरित करके धर्मार्थ से पुरुषार्थ कमाने का रास्ता अपनाया।आज के इस कार्यक्रम में संरक्षक गौरव त्यागी का प्रमुख सहयोग रहा। मुख्य उपस्थिति में सभापति सुभाष गुप्ता, सुषमा गुप्ता, धवल गुप्ता, रिंकी गुप्ता, नीतिका त्यागी का स्मरणीय सहयोग रहा ।





# श्रीराम गौशाला, लोहियानगर पहुंचीं डॉली शर्मा, की गौसेवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम इस गौशाला को तोड़ने पर आमादा था, तो गौशाला संचालिका युवती के 21 दिवसीय अनशन को कांग्रेस नेत्री डॉली शर्मा ने पूर्ण समर्थन दिया, प्रशासन को अल्टीमेटम दिया और गौशाला को तोड़ने से बचा लिया। गाजियाबाद। मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा लोहियानगर स्थित श्रीराम गौशाला पहुंचीं और गौमाता एवं उनके बछड़ों की सेवा कीं। उन्होंने गाय-बछड़े को हरा चारा खिलाई और बाल्टी में पानी भी पिलाई। बता दें कि बीते समय में गाजियाबाद नगर निगम जब इस गौशाला को तोड़ने पर आमादा था, तो गौशाला संचालिका युवती 21 दिवसीय अनशन पर बैठ गई थी। तब जैसे ही यह जानकारी डॉली शर्मा को मिली,



उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया और गौशाला को तोड़ने से बचा लिया। तबसे वह जब भी गाजियाबाद से गुजरती हैं तो इस गौशाला में गौमाताओं की सेवा करना नहीं भूलती हैं।

# विधानसभा गॉंव जावली में खतौली से विधायक मदन भैया के आवास पर गठबन्धन प्रत्याशी अतुल गर्ग ने 'जनसभा' को संबोधित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गॉव जावली में खतौली से विधायक मदन भैया जी के आवास पर गठबन्धन प्रत्याशी अतुल गर्ग ने 'जनसभा' को संबोधित किया सभा में मनोज धामा, वसंत त्यागी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे परिवारजनों , बीते 10 वर्षों से देश में एनडीए की एक स्थिर सरकार है , जिसको लेकर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी ने कुछ महत्वपूर्ण बातें कही है उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर दिया। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। देश की मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक जैसी कुप्रथा से आजाद हुईं पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता मिली।





# श्री शिव बालाजी धाम मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** मंगलवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी परिसर में स्थित श्री शिव बालाजी धाम मन्दिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**चोला चढ़ा कर हनुमान जी का किया गया भव्य श्रृंगार, हवन के बाद हुआ प्रसाद वितरण**

इस अवसर पर मन्दिर परिसर में प्रातः 8 बजे हनुमान जी का चोला चढ़कर सिंगार किया गया, 9:00 बजे हवन का आयोजन किया गया। हवन समापन के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया।

बता दें कि गुलमोहर एन्क्लेव में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व प्रत्येक वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुलमोहर एन्क्लेव स्थित श्री शिव बालाजी धाम मन्दिर को भव्यता के साथ सजाया गया। इस बार मंगलवार को ही हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण इस दिन का विशेष महत्व माना गया। प्रातःकाल में हनुमान जी की प्रतिमा पर चोला चढ़ाकर श्रंगार किया गया और मिष्ठान व फलों से भोग लगाया गया। इसके बाद मन्दिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। प्रातः काल शुरू हुए हवन में सोसायटी के सैकड़ो लोग शामिल हुए। हवन के समापन के बाद हनुमान जी की आरती हुई और इसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव बालाजी धाम मंदिर न्यास ट्रस्ट के संरक्षक एवं गुलमोहर एनक्लेव आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने कहा कि श्रीराम भक्त हनुमान जी सभी भक्तों के संकट हर लेते हैं। हनुमान जी की भक्ति से श्रीराम जी की भक्ति का मार्ग भी स्वतः ही खुल जाता है। पवनपुत्र हनुमान जी की वंदना कर हम



समस्त जगत के कल्याण की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि इस साल हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही खास संयोग में होने से इसका महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है, क्योंकि हनुमान जन्मोत्सव इस बार मंगलवार के दिन है। इसके अलावा इस दिन व्रज योग, सुनफा योग, वाशि योग और मंगल के स्वामी चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है। साथ ही इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। वही गुलमोहर एनक्लेव के निवासियों के परस्पर सहयोग से मंदिर प्रांगण में एक वाटर कूलर भी लगाया गयो इस अवसर पर पंडित राजीव मिश्रा, अध्यक्ष मनवीर चौधरी, जीसी गर्ग, ए के जैन, विनम्र जैन, अनुज बंसल, सुरेंद्र सिंह राजपूत, विनय कक्कड़, रविंद्र रिहानी, अमित कुमार अग्रवाल, श्रवण कुमार, यश चौधरी, गौरव बंसल, सुभाष गर्ग, सतीश जायसवाल, राहुल त्यागी, राजेश कुमार समेत सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# पटाखे में आग लगने से हुई पति-पत्नी को मौत, शादियों में आतिशबाजी का करते थे काम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र के फारुख नगर में एक मकान में आग लग गई। जिस समय आग लगी, उस समय घर में पति पत्नी सो रहे थे। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों शादियों में इवेंट मैनेजमेंट का काम करते थे और घर में काफी ज्यादा आतिशबाजी रखी हुई थी। आग लगने से दोनों बुरी तरह झुलस गए। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 22 अप्रैल को गाजियाबाद पुलिस को जानकारी मिली कि थाना टीला मोड़ के फारूक नगर इलाके में एक मकान में आग लग गई। पुलिस और दमकल कर्मी जब मौके पर पहुंचे तो पाया कि पूरे घर में आग लगी हुई है। इस आग में झुलस कर पति-पत्नी की मौत हो गई। पति का नाम शम्सुद्दीन (57 साल) और पत्नी का नाम समरजहां (55 साल) था। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। दमकल की गाड़ी ने आग पर किसी तरह काबू पाया। पुलिस ने इस मामले में जांच की तो पता चला थाना टीला मोड़ क्षेत्र स्थित फारुख नगर मे एक मकान में आग लगने की जो घटना हुई उसमें मृतक दंपति शादियों में इवेंट मैनेजमेंट के तौर पर आतिशबाजी का काम करते थे। 23 अप्रैल को भी इन्हें एक शादी में आतिशबाजी का काम करना था। इसके लिए इन्होंने पास के एक लाइसेंसी पटाखा विक्रेता से करीब 13,000 रुपए के पटाखे खरीदकर अपने घर में रखा था जिसमें आग लगने से यह दुर्घटना हुई।



# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने हनुमान जी का दर्शन पूजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मंगलवार को प्रभु हनुमान जी की जयंती के अवसर पर इंडिया गठबंधन

**लोकसभा प्रत्याशी डोली शर्मा ने पवनपुत्र का विजयी आशीर्वाद लिया**

की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने घंटा घर, गोल मार्केट गाजियाबाद स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मन्दिर में जाकर हनुमान जी का दर्शन पूजन किया और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कांग्रेस किसान नेत्री पूनम पंडित, कांग्रेस किसान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक आदि मौजूद रहे।




# नुक्कड़ सभा में बीजेपी के प्रत्याशी ने नारा दिया चलेगा नल खिलेगा कमल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत है। प्रदेश मे

**किसानों की खुशहाली से ही गुजरता है देश की तरक्की का रास्ता : अतुल गर्ग**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के सुशासन और विकास की नीति और जनकल्याण के कार्यो से आमजन का भाजपा पर विश्वास बढ़ा है। ये बातें लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने शाहपुर, भिक्कनपुर, दुहाई आदि गांव के दौरे के दौरान गांव वालों की सभा को संबोधित करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृव में चल रही भाजपा सरकार की प्रंशसा करते हुए समाज के हर वर्ग गरीब, किसान दलितों पिछड़ों को आगे बढ़ाने के साथ ही सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे को चरितार्थ किया है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, उज्जवला योजना, सभी में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा एक-एक वोट हमारे लिए कीमती है।



कार्यकर्ताओ और समर्थकों की ओर से कोई भी घर छूट न पाए जहां पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप वह गया न हो। चुनाव प्रचार के दौरान सभा के मंच से मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी , महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि ने गठबन्धन प्रत्याशी अतुल गर्ग को अधिक से अधिक मतदान कराकर एतिहासिक जीत दिलाने की अपील की । सभा में मौजूद ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित सभी ग्राम वासियों ने एक सुर में कहा चलेगा नल खिलेगा कमल।

# नितिन अत्री ने साहिबाबाद मंडी सुपर बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नितिन अत्री ने साहिबाबाद मंडी सुपर बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम व्यवस्थापक अंतरराष्ट्रीय जाट संसद एवं उपाध्यक्ष जाट सभा वसुंधरा सुपर बाजार सब्जी मंडी साहिबाबाद के समस्त व्यापारियों द्वारा भगवान श्री राम लला हनुमान जी की जयंती कढ़ी चावल एवं हलवे की व्यवस्था रही भंडारा प्रभु श्री राम की इच्छा अनुसार चला सभी ने बढ़-चढ़कर सेवा भाव से हनुमान जयंती व सुंदरकांड का पाठ कराया भगवान श्री राम का आवाहन राम स्तुति की गई किया इस अवसर पर सहयोगी लोकेंद्र सिंह, रवि,सोनू ,रजनीश, दिलीप कुमार,पप्पू दीक्षित, राहुल दीक्षित, रॉकी ,अनुज, नरेश कुमार शर्मा, मन्नू शर्मा, मधुर शर्मा, अमन, नितिन अत्री ,रोहित चौधरी पवन यादव अंशु राजपूत रामे अंकित योगेश आदि मुख्य रूप से समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# जहांगीरपुर में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप से जनता परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर ।** नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है जिसके कारण कस्बे में नई-नई बीमारियां दस्तक दे रही है नगर पंचायत प्रशासन अनविज्ञ बना हुआ है प्रदेश सरकार मच्छरों के प्रकोप को खत्म करने के लिए करोड़ों रुपए नगर पंचायत खर्च करती है जिसको नगर पंचायत प्रशासन ठेंगा दिखा रहा है और जहांगीरपुर नगर में मच्छरों से निपटने के लिए कोई किसी भी तरीके की फागिंग नहीं कराई जा रही है जिस कारण मच्छरों की जनसंख्या कस्बे में बढ़ रही है और उसका प्रकोप भी देखने को मिल रहा है कस्बा वासियों को तरह-तरह के बुखार और बीमारियों का सामना कर रहे हैं समाजसेबी एवं वार्ड नंबर 9 से सभासद के पद के पूर्व प्रत्याशी तहसीन नंबरदार ने संपूर्ण समाधान दिवस में इस संबंध में शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत प्रशासन पर जहांगीरपुर में फॉगिंग न करने का आरोप लगाया है और मांग की है की संपूर्ण कस्बे में मच्छरों से निपटने के लिए ओरिजिनल फॉगिंग कराई जाए।


वेबिनार

## "मुक्ति" विषय पर गोष्ठी संपन्न

# हर जीवात्मा स्वतंत्रता चाहती है: अतुल सहगल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "मुक्ति" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह करोना काल से 635 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने कहा कि जन्म मरण से छुट्टी और दीर्घ काल तक आनंद ही मुक्ति यानी मोक्ष है।उन्होंने सर्वप्रथम जो अपूर्ण और अशुद्ध परिभाषाएं सामान्य जनों में प्रचलित हैं, उनकी चर्चा की।प्रायः लोग इस विषय के बारे में त्रुटिपूर्ण धारणायें रखते हैं।मुक्ति अथवा मोक्ष एक पूर्णतः अभौतिक विषय है और इसको ठीक प्रकार समझने के लिए आर्ष ग्रंथों में समाहित सूक्त, सिद्धांत व उनकी व्याख्याएँ मन मस्तिष्क की पृष्ठभूमि में रखनी पड़ती हैं।मोक्ष अथवा मुक्ति का अर्थ है स्वतंत्रता।मनुष्यों के अतिरिक्त अन्य प्राणियों -- पक्षिओं और पशुओं के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि हर जीवात्मा स्वतंत्रता चाहती है व दुखों को दूर करना चाहती है।पशु तो भोग योनि में आते हैं परन्तु मनुष्य का शरीर भोग और कर्म दोनों के लिए उत्पन्न हुआ है।इस शरीर में रह कर जीवात्मा अपने पिछले जन्म के सुख दुःख रूपी भोगों को तो भोगता ही है पर उसके अतिरिक्त उसे नवीन शुभ कर्म करने का भी जीवन काल अवधि के रूप में अवसर



मिलता है।शुभ कर्म करने से वह अपनी भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति करता हुआ मोक्ष पथ पर आगे बढ़ता है।यह तथ्य प्रस्तुत किया कि मोक्ष की अवस्था में जीवात्मा ईश्वर या परमात्मा के साथ पूर्ण तालमेल रखते हुए परमानन्द की अवस्था में रहता है।इस अवस्था में जीवात्मा की 24 नैसर्गिक शक्तियां उसके साथ रहती हैं जिससे वह सब प्रकार के भौतिक व आध्यात्मिक सुखो को भोग सकता है।वक्ता ने मोक्ष काल की अवधि के बारे में भी बताया कि यह 31140 अरब वर्ष की है। इतनी लम्बी काल अवधि तक परमानन्द भोगना कोई साधारण बात नहीं है।मोक्ष प्राप्ति के साधनों की विवेचना करते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द ने इसके दो मुख्य साधन बताये हैं -- धर्माचरण और योगाभ्यास।इन दोनों साधनों के द्वारा ही मनुष्य अपनी भौतिक इच्छाओं की पूर्ति करता हुआ अपनी आत्मा की उन्नति भी करता है।

शुभ और निष्काम कर्म करता हुआ वह अपनी अध्यात्मिक उन्नति करता है और तीव्रता से मोक्ष पथ पर अग्रसर होता है।वास्तव में मुक्ति या मोक्ष ही जीवन का अंतिम लक्ष्य है और वहां पहुँच कर सब बंधन,सब दुःख,सब इच्छाएँ, वासनायें और कामनायें समाप्त हो जाती हैं।इसके फलस्वरुप पूर्ण आनंद की स्थिति बन जाती है।सामान्य मनुष्य जब मोक्ष से सम्बंधित तथ्य जान लेता है तो वह उत्तम जीवन जीने लगता है। वह धर्म के मार्ग पर अधिक आरूढ़ होता है और जीवन को अधिक सफल और सुखमय बना लेता है।मोक्ष की भौतिक और आध्यात्मिक दोनों स्तरों पर महत्ता प्रकट की। मुख्य अतिथि डॉ. अल्का आर्य (निदेशक दिल्ली विकास प्राधिकरण) व चन्द्र कांता गेरा (कानपुर) ने भी सद्कर्मों द्वारा मुक्ति की और बढ़ने का मार्ग बताया।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका कौशल्या अरोड़ा, सुदर्शन चौधरी, जनक अरोड़ा, कमला हंस, उषा सूद के मधुर भजन हुए।

# चुनाव के मध्य नजर अधिकारियों द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी । (सैय्यद मजहर)** आने वाली 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। नगर के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है! इसी के मध्य नजर आज नगर के विभिन्न मार्गो में सी0ओ0 पूर्णिमा सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया! इस अवसर पर नगर वासियों से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील अधिकारियों द्वारा की गई! इसी के साथ किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और किसी भी असामाजिक तत्व को देखते ही निकट थाने में इसकी सूचना देने की अपील भी की गई! इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी समर बहादुर सिंह के अतिरिक्त अन्य पुलिस के जवान भी इस फ्लैग मार्च में शामिल रहे।



# मतदाता पहचान पत्र,आधार कार्ड नहीं होने पर टेंशन न लें: एडीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

## अन्य विकल्पों से मतदाता कर सकेंगे अपने मत का प्रयोग

**हापुड़।** अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं के किन्हीं कारणों से पहचान पत्र,आधार किसी कारण नहीं बने सके है। उन्हें चिन्ता करने का आवश्यकता नहीं है। क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे



मतदाताओं को मत डालने के लिए अन्य विकल्प भी निर्धारित किये है। इनमें से कोई भी दस्तावेज दिखाने पर मतदाता अपनी पहचान सिद्ध कर अपने मत का प्रयोग कर सकता है।

उन्होंने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर अभियान चलाकर आधार कार्ड व वोटर आई कार्ड बनवाये गये। इसके बावजूद भी मतदाता पहचान पत्र से वंचित रह गये है। लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसे मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अन्य विकल्प निर्धारित किये है। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र राज्य व केन्द्र सरकार,सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं डाकघरों द्वारा खोले गये खातों के लिए फोटो युक्त किसान बही,भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक एवं पेंशन अदायगी आदेश, फोटो युक्त स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र,शस्त्र लाइसेंस, शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, मनरेगा के आधीन जारी फोटो जॉब कार्ड,फोटो युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड शामिल है। इन विकल्पों से सम्बंधित दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकता है।

# भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब, अटल बिहारी वाजपेयी व पं.दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा रालोद के संयुक्त प्रत्याशी द्वारा शहर में विभिन्न मार्गों पर रोड शो किया। रोड शो में प्रत्याशी की झलक देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। प्र्रत्याशी ने महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ-साथ मां मंशा देवी मंदिर में पूर्जा

## मां मंशा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर विजयश्री का लिया आशीर्वाद






अर्चना कर विजयश्री का आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष ने एनडीए प्रत्याशी को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया।

आपको बता दें,कि 17वीं लोकसभा के गठन के लिए द्वितीय चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान की तिथि निकट देख भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी द्वारा मंगलवार को शहर में विभिन्न मार्गों पर रोड शो निकाला गया।

भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी अरुण गोविल द्वारा रोड शो फ्री गंज रोड से आरंभ किया। जिसके बाद रोड शो अतरपुरा चौपला,पक्का बाग चौराहा,चंडी रोड,मेरठ गेट,सरार्फा बाजार,छोटी बड़ी मंडी,कसेरठ बाजार,नगर पालिका मार्केट से स्वर्ग आश्रम रोड स्थित दोयमी रेलवे फाटक पर पहुंचकर संपन्न हुआ। रोड शोर में जनता प्रत्याशी अरुण गोविल की झलक देखने को जन सैलाब उमड़ पड़ा।

इससे पूर्व एनडीए प्रत्याशी अरुण गोविल ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए संत रविदास,पं.दीन दयाल उपाध्याय व पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके अलावा बुलन्दशहर रोड स्थित मां मंशा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर विजयश्री का आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के प्रधान शिव कुमार मित्तल ने प्रत्याशी अरुण गोविल का श्रीराम दरबार का चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र अग्रवाल,जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर,विधायक विजयपाल आढ़ती यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि,क्षेत्रीय मंत्री कविता माधरे,जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.पायल गुप्ता,चुनाव संयोजक प्रफुल्ल सारस्वत,जिला महामंत्री पुनीत गोयल, मोहन सिंह,कपिल एसएम,अशोक बबली,प्रमोद जिन्दल, मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग,सुनील वर्मा, संजय कृपाल, चक्रवर्ती गर्ग, श्यामेन्द्र त्यागी,मुनेश त्यागी, विनीत दीवान, प्रवीण सिंघल,जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# नगर में विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव हनुमान जयंती, अखण्ड पाठ संकीर्तन के साथ मनाई, जगह जगह भन्डारे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (राठी)।** मातृ मण्डल ने मनाई हनुमान जयंती मनाई गई। हमारे आराध्य बाला जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वेदांत मंदिर में सेवा भारती मातृ मंडल द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। बड़े ही प्यारे भजनों से मन प्रसन्न हो गया। सेवा भारती के जिला संरक्षक सुधीर गोयल ने बताया कि इसमें सेवा भारती मातृ मण्डल की संरक्षिका, कमला बहन, अध्यक्ष,लविता बंसल, सचिव,सुरभी अत्रिश, कोषाध्यक्ष, पायल बंसल, संयोजिका, डोली गुप्ता, कुसुमलता, अलका गुप्ता, प्रियंका गोयल, प्रीति मित्तल, ब्रिजेश गोयल, शकुंतला देवी कुसुम लता आदि बहनों ने सत्संग का लाभ उठाया। पिलखुवा।

श्री तीन मूर्ति बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में शिवाजी नगर स्थित तीन मूर्ति मंदिर पर बालाजी महाराज का जन्मोत्सव व भंडारा धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ो महिलाओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छप्पन भोग का रहा।कार्यक्रम में सबसे पहले सुंदरकांड पाठ का प्रारंभ किया गया इसके पश्चात बाबा का श्रृंगार व संकीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर के समय भंडारे का आयोजन किया गया। वही श्री ठाकुर द्वारा बालाजी संकीर्तन समिति द्वारा श्री हनुमान महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से ठाकुर द्वारा मंदिर में मनाया गया। इसके अलावा कृष्ण गंज मंदिर पर संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार मित्तल अध्यक्ष, हरिमोहन मित्तल, नीरज गर्ग बंटी, दिनेश गोयल, सुनील गर्ग, हिमांशु प्रजापति, राम प्रकाश बंसल, धीरज गर्ग , अभिषेक अग्रवाल एडवोकेट, शुभम माहेश्वरी, नीरज अग्रवाल, अनुपम जिंदल, हरीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल (चीनी वाले) के अलावा हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।



# भारत स्काउट गाइड द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (राठी)।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के दिशा निर्देशन में मतदाता जागरूकता संबंधी बस अड्डा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक में राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज, मारवाड़ इंटर कॉलेज, हिंदू कन्या इंटर कॉलेज एवं सर्वोदय इंटर कॉलेज पिलखुवा के स्काउट और गाइडस के छात्रों ने प्रतिभाग किया।




राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए मतदान का महत्व बताया और ई.वी.एम मशीन के विषय में जानकारी प्रदान की। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार गौतम ने भी स्काउट गाइड को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता गुप्ता ने किया। संस्था की ओर से जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रकाश शर्मा ने भी सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नीता कौशिक, डॉ. पिंकी गोयल, अनुभा रस्तोगी, ओमवीर सिंह, नेहा शर्मा, सुषमा जयंत, रेनू रानी, गुलशन कुमार ,डॉ. संजय साहनी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ नगर में निकाला फ़्लैग मार्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (राठी)** । पुलिस





अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव-2024 व जनपद में कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनता में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत अर्धसैनिक बल/ पुलिस बल को साथ लेकर एरिया डोमिनेशन/ फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अशोक शर्मा, कोतवाली प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो : स्काउट गाइड्स ने रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** स्वीप कार्यक्रम 2024 में भारत स्काउट एवं गाइड जिला शाखा द्वारा दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान के मुख्य द्वार पर शहीद स्तंभ स्मारक पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वृहद रंगोली का भव्य आयोजन किया।

## सीडीओ का भारत स्काउट और गाइड की जिला सचिव ने किया स्वागत

गत सोमवार की शाम को भारत स्काउट और गाइड जनपद शाखा के तत्वाधान में रामलीला मैदान के मुख्य द्वार पर शहीद स्तंभ स्मारक पर स्काउट और गाइड के द्वारा भव्य रंगोली का आयोजन कर मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। शहीद स्तंभ स्मारक पर स्काउट गाइड के द्वारा रंगोली में कैंडल लाइट का सुंदर संयोजन किया गया,तथा स्काउट गाइड ने हाथ में बैनर लेकर चुनाव का पर्व, देश का गर्व के नारे लगाकर मनमोहक प्रस्तुति दी,जिससे सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गयी,तथा 26 अप्रैल 2024 को अपने मत का प्रयोग अवश्य करने का भरोसा दिलाया गया।






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार का जिला सचिव पारुल त्यागी के द्वारा बुकें देकर स्वागत किया गया। स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष ललित कुमार (छावनी वाले), मंत्री मुकुल त्यागी, कोषाध्यक्ष आशुतोष आजाद का संगठन के आयुक्त श्रीप्रकाश शर्मा एवं नीता कौशिक के द्वारा फूल देकर स्वागत किया गया।

रंगोली कार्यक्रम में श्री जैन कन्या इंटर कालेज हापुड़, एस.एस.वी इंटर कालेज हापुड़, दीवान इंटर कॉलेज हापुड़, आर्य कन्या इंटर कालेज हापुड़,ताराचंद जनता इंटर कॉलेज हापुड़,से 5-5 स्काउट और गाइड एवं विद्यालय के यूनिट लीडर्स के साथ साथ पूजा गुप्ता, नीति शर्मा, वंदना सिंह, प्रदीप सैनी का सहयोग रहा।

# 24 व 25 अप्रैल को विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद रहेगा: ज्योति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में संचालित समस्त बोर्ड के कक्षा एक से इंटरमीडिएट तक के विद्यालयों में 24 व 25 अप्रैल को शिक्षण कार्य बंद रहेगा। विद्यालयों में ऑन लाइन शिक्षण कार्य कराया जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक ज्योति दीक्षित ने बताया कि गत अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी व चल रही लू के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिद्गत रखते हुए जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निदेर्शों के अनुपालन में 24 व 25 अप्रैल को जनपद में संचालित समस्त बोर्ड के कक्षा एक से इंटरमीडिएट तक के विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षण कार्य बंद रहने की स्थिति में आवश्यकता अनुसार ऑन शिक्षण कार्य कराया जा सकता है। इसके अलावा विद्यालय में कार्यालय कार्य व अन्य महत्वपूर्ण कार्य यथावत होते रहेंगे।

## विद्यालयों में ऑन लाइन शिक्षण कार्य कराया जा सकता है

**दावा** गाजियाबाद के मतदाताओं ने डोली को ड्राइविंग सीट पर बैठाया

# लोकसभा गाजियाबाद का हाल, कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा को मिला मुस्लिम, जाट, गुर्जर, राजपूत, जोगी, प्रजापति, वैश्य, यादव, कश्यप, दलित और ब्राह्मण त्यागी समाज का समर्थन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** गाजियाबाद से इस बार इतिहास करवट लेने को आतुर है । रमेश चंद तोमर कमल निशान पर तीन बार जीते और चौथी बार कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने जीत दर्ज कर कमल रथ को रोक दिया था । इस बार भी इतिहास अपनी करवट लेने की तैयारी करता नजर आ रहा है । भाजपा के राजनाथ सिंह एक बार और दो बार जरनल वी के सिंह गाजियाबाद सीट पर परचम लहरा चुके है । लेकिन इस बार चौथी बार कांग्रेस डोली शर्मा के रूप में फिर 2004 दोहरने की तैयारी में पूरी तरह लगी दिखाई दे रही है । यही बात गाजियाबाद में चर्चा बनी है की इतिहास खुद को दोहराने जा रहा है । भाजपा के बहिष्कार करने की चेतावनी जारी होने के बाद इस बार धौलाना का मिजाज और ज्यादा अलग रहने के समीकरण बनने शुरू हो गए है । जिससे अब ये तय हो चला है की इतिहास जरूर करवट लेगा । इस बार गठबंधन होने के कारण डोली शर्मा की स्थिति बेहद मजबूत नजर आ रही है । शहर और देहात में उन्हें मिल रहे अपार जनसमर्थन ने विरोधियों की नींद उड़ा दी है । वही डोली समर्थकों का दावा तो ये भी है उन्हे जाट, गुर्जर, यादव, ठाकुर, कश्यप, जोगी, प्रजापति, मुस्लिम, दलित, और ब्राह्मण त्यागी समाज का पूरा समर्थन मिल रहा है । जिससे इस बार रिकार्ड वोटो से जीतकर इतिहास दोहराएगा । जिस तरह डोली का प्रचार कोई नेता नहीं कर रहा खुद जनता डोली शर्मा का प्रचार कर रही । जो डोली शर्मा को बेहद मजबूत बना रही है । लोगो का ये तक दावा है की डोली शर्मा लोकसभा चुनाव की गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर मजबूत कब्जा जमा लिया है । अब ये दावे किस हद तक मजबूत हैं ये तो चार जून को ही पता चलेगा ।

- डोली शर्मा के गाजियाबाद से रिकार्ड मतों से जीतने के बन गए आसार
- धौलाना का समीकरण भी इस बार डोली शर्मा के पक्ष में



# सेंट जॉर्ज पंचायतन-ग्रेटर नोएडा में स्कूल के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव में आम लोगों को वोट करने के प्रति उत्साहित करने के लिए आज सेंट जॉर्ज स्कूल में वोटर जागरूकता अभियान की शुरूआत मंगलवार को एक रैली माध्यम से की गई । विद्यालय के प्रधानाचार्य क्षितिज खन्ना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने अहम भूमिका निभानी चाहिए। गौतम बुद्धनगर जिले के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है वे सभी 26 अप्रैल को अपना मतदान जरूर करें।

रैली गोकुलधाम से लाल बिल्डिंग, ओमिक्रोन होते हुए कस्बे के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसके माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई कि पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार देना हमारा अधिकार है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक विभाग के सदस्यों और सभी अध्यापकगणों ने कहा कि अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिएइ देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील 'अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैंइ।


जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है। इसी तरह की भाषा-शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकताइ में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए 'अनुचित दबाव और प्रभावइ डालते हैं। पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में 'पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगाइ आदि। इसी समूह में प्रशांत भूषण और अभिषेक मनु सिंघवी के भी नाम हैं। और भी नाम हो सकते हैं। ये लोग पहले इजलास के अंदर और इसके बाहर इंटरव्यू एवं लेखों के जरिए उन फैसले को सरकार के दबाव में दिया बता कर उनकी अतार्किक आलोचनाएं करते हैं, जो उनके विरोध में आए होते हैं। इससे न्यायपालिका पर खामख्वाह दबाव बनता है। एक बार जस्टिस चेलमेर ने भी 'इन करोड़ी समूह के अधिवक्ताओं से दिक्कतइ बताई थी।


न्यायिक क्षेत्र-निचली से लेकर सर्वोच्च अदालत तक-में हाल के दशकों में यह एक फेनोमिना के रूप में विकसित हुआ है। इसमें मनचाही खंडपीठ के लिए तो पीठ बदलने के लिए जोर-जबर्दस्ती की जाती है। इस समस्या का समूचा हिस्सा न्यायालीय ही नहीं है।

राजनीतिक विचारधारा और सबसे अधिक उसकी सत्ता भी है। दबावकारी प्रवृत्ति बढ़ी है तो इसकी वजह कुछेक न्यायाधीशों में सत्ता के नजदीक जाने की कमजोरी भी है। यह दबाव से काम करा ले जाने का साहस पैदा करता है।

## आज का विचार




# सोचिए आखिर इन सबका जिम्मेदार कौन...?



सत्यम सिंह गर्गवंशी

इस समय जिले में अपराधिक घटनाओं जैसे बलबा मारपीट, जबरन दूसरों की जमीनों पर कब्जा , सड़क हादसे, द्रुतगामी बाइक फोर व्हीलर भिडंत,दहेज हत्या, आत्महत्या जैसी संदिग्ध मौतों में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बलात्कार, छेड़खानी, छिनैती, महिलाओं युवतियों और छात्राओं को अगवा करके उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाली अप्रिय घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अग्निकांड, किसानों की पकी खेतों में खड़ी फसलें जलकर राख में तब्दील हो रही हैं। ये अग्निकांड जैसी घटनायें अज्ञात कारणों, बिजली की चिंगारी और मानव जनित भी होती हैं। दुखद अप्रिय वारदातें तो होती ही रहेंगी। लोगों को खुद बाखुद ऐसी वारदातो को अंजाम नही देना चाहिए। स्वयं की लालच , हवस पर नियंत्रण पाने की जरूरत है। लालच और खुद गरजी की वजह से ही हत्या, बलात्कार, छिनैती चोरी डकैती, दहेज हत्या जैसी घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

सड़क हादसे के बारे में इतना कहना ही काफी है कि वहां चालकों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नहीं किया जा रहा है। जब कि सरकार जागरूकता पर लाखो रुपए खर्च करती है। पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के लोग आए दिन हेलमेट पहनो सीट बेल्ट लगाओ, गति सीमा नियंत्रित रखो, डीएल और आरसी साथ रखो। चालान जुमार्ना से भी बचो। नशा करके वहां मत चलाओ, यातायात के नियमो को पालन करो। सुरक्षित घर पहुंचो वहां आप का कोई इंतजार कर रहा है। लेकिन नही.........लोगों का मानना है कि जो कुछ भी हो रहा है , सब प्रभु इच्छा पर । मारपीट बलवा, दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के साथ छेड़खानी, छात्राओं को अगवा कर बंधक बनाकर उनके साथ दुष्कर्म और सामूहिक बलात्कार किया जाना, चोरी छिनैती आदि दुखद एवम अप्रिय घटनाएं होना जाहिरा तौर पर पुलिस महकमे की हनक और सख्ती की नाकामी ही कही जाएगी। ऊपर से यदि थाना पुलिस पीड़तों की तरफ तवज्जो नहीं देता है तो सबसे अधिक दुखद स्थिति यही कही जाती है।

थानों पर गंभीर मामलों में सुसंगत धाराओं की अनदेखी करके उनका अल्पीकरण करना एक परंपरा बन गई है। हत्या को दुर्घटना और डकैती को छोटी चोरी कहने का रिवाज समाप्त किए जाने की जरूरत है।

पुलिस पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार भी नही करती है। पुलिस का रवैया अंग्रेजों के जमाने जैसा ही है। बड़े बड़ों की अकल थाना पहुंचने पर ठिकाने लग जाती है।

थाना पुलिस से यदि दलालों और विचौलियों की मित्र सेवा कम या बंद हो जाए तब कुछ उम्मीद जगती है कि आम आदमी गरीब तबके के लोग पुलिस से जस्टिस पा सकते हैं।पुलिस जन भी अपने हाव भाव से दशार्ते हैं कि उन्होंने इस महकमे में नौकरी ही इसीलिए किया है कि रुतबा रुआब और पैसा मिले।

सरकारी विभागों में छोटे से लेकर बड़ा काम लेकर कार्यालयों में जाने वालों को तरह तरह से परेशान किया जाता है। यह क्रम तब तक जारी रहता है जब तक बिचौलियों का सहारा न लिया जाए। यहां भी दलाल प्रथा कायम है। घूस देने पर ही काम होगा अन्यथा भटकते ही रहिए।परिवहन विकास कृषि गन्ना मार्केटिंग उद्यान बिजली रजिस्ट्री पूर्ति शिक्षा बैंक डाकघर रेलवे जैसे अनेकों प्रदेशीय और केंद्रीय महकमे में सुविधा शुल्क का प्रचलन अपनी गति से चल रहा है। हो हल्ला करने वाले भी अपना काम करते हैं। लेकिन मजाल क्या कि किसी पर कोई असर पड़े।पूर्ति महकमा की बात चले तो कोटेदार और राशन लाभार्थियों की बातें होना लाजिमी हो जाती हैं। इनके बीच होने वाली अप्रिय घटनाएं अशोभनीय वार्ता लाप , घटतौली कट तोली आदि का जिक्र न हो तो सब अधूरा



ही कहा जायेगा। कोटेदारों की हरकतें प्रायः मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं।

सरकारी महकमों में तो ऐसा रिवाज है जहां फरियादियों को नजरंदाज किया जाता है। प्रशासन हो या पुलिस महकमा कहीं पर बगैर सुविधा शुल्क के कोई भी काम नही हो रहा है। उधर सरकार जिले में विकास के नाम पर सरकारी तिजोरी का मुंह खोल देती है। और यहां अधिकारी गण जिले के अवाम को विशुद्ध भारतीय रूप से माननीयों की तरह भ्रमित करने में जुट जाते हैं। मीडिया के जरिए ये होगा वो होगा मतलब जिले में गांव से लेकर कस्बों, बाजारों, और शहरों का काया कल्प हो जाएगा। ऐसा होगा जैसा दुनिया के विकसित देशों में होता है। इनके ऐसा कहने से प्रतीत होता है कि ये किसी विकसित देश के सरकारी अफसर हैं।ऐसे वक्तव्य सर्वथा हास्यास्पद लगते हैं। विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि ऐसे मीडिया वक्तव्यों से परहेज करें। इनके द्वारा सच्चाई से रूबरू कराकर जिज्ञासुओं की जिज्ञासा शांत किया जाना चाहिए।

**वन विभाग -**

जिले में जंगलों की कटान जारी है, कई लाख पेड़ लगाने यानी पौध रोपण होना है। परिणाम सभी देख रहे हैं। फोटो सेल्फी का प्रचलन जोरो पर है। पौध रोपण तो आवश्यक है ही फिर भी पुराने प्राण वायु प्रदाता पेड़ों की अवैध कटान रोकने की जरूरत है।पौध रोपण के बाद ट्री गार्ड और समय समय पर खाद पानी जैसे पोषण की नितांत आवश्यकता होती है। परंतु सरोकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। यह सोचनीय विषय है।

**अग्निकांड और दमकल विभाग**

दमकल विभाग में संसाधनों का अभाव है। मैन पावर और संसाधन बढ़ाए जाएं। ऐसा होने पर ही समय पर अग्निकांडो से जूझा जा सकता है। जन धन की हानि से बचा जा सकता है।

**मिलावट एक अति महत्वपूर्ण विषय**

आज हम जो कुछ भी खाद्य पदार्थ का सेवन कर रहे हैं, वे मिलावटी और सेहत के लिए हानिकारक हैं। मिलावट खोर अपनी कमाई के लिए रसायनों का इस्तेमाल कर अशुद्ध और प्राण घातक सामग्रियां बेंच रहे हैं।

इस पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग कार्य रात है।लेकिन विभागीय अधिकारी खाना पूर्ति करके स्वयं की जेबें भर रहे हैं.....

सरकारी जिम्मेदारों से बड़े जिम्मेदार हम खुद हैं। हम सुधरेंगे जग सुधरेगा।

आगामी अंकों में हम एक एक महत्वपूर्ण समस्या का विस्तार से प्रकाशन करेंगे। आप हमारे साथ बने रहें। यदि आप कोई टिप्पणी करना चाहते हैं तो आप का स्वागत है। आप के विचार सुझाव आमंत्रित हैं।

## मिल जुलकर मतदान करे

मिल जुलकर मतदान करे
अपने मुद्दे पर बात करे
ना हिंदू ना मुसलमान करे
मिल जुलकर मतदान करे

सुझाव हो हेल्पलाइन नंबर से बात करें
अपने बूथ और वोट का पहचान करे
दादी दादा सबको साथ लें चले
अपने उम्मीदवारों का सम्मान करे

अपने वोट का सौदा ना करे
अपने क्षेत्र के मुद्दे पर बात करे
बहन बेटियों को लेकर साथ चले
मिल जुलकर मतदान करे

प्रशासन का साथ दीजिये
किसी अफवाह पर ध्यान मत दीजिये
अपने सिंबल का ख्याल रखे
मिल जुलकर मतदान करे

लोकतंत्र के इस पर्व पर
सबको लेकर साथ चले
प्रशासन का धन्यवाद करें
मिल जुलकर मतदान करे



महेश कुमार प्रजापति

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# कांग्रेस खामोश क्यों है ?



सैयद एम अली तकवी

कांग्रेस की खामोशी पर भी बोलने का वक्त आ गया है। जिस तरीके से चुनाव आयोग नें साफ-साफ कहा था कि धर्म के नाम पर बिल्कुल भी प्रचार नहीं होगा ना ही वोट मांगा जाएगा वरना उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लेकिन एक तरफ जहां कांग्रेस महंगाई, भ्रष्टाचार, इलेक्टोरल बांड, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रामक दिखाई दे रही है वह वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी खास कर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेता लगातार धर्म के नाम पर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं। कहीं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह पर झूठे इल्जाम लगाए जा रहे हैं कहीं बीफ की बात हो रही है कहीं मुसलमानों की बात हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई , भ्रष्टाचार, इलेक्ट्रॉलर बांड जैसे मुद्दों पर बिल्कुल खामोश हैं। इससे यह भी साबित होता है कि भाजपा को इन चीजों से कोई लेना-देना नहीं है उनको सिर्फ. वोट चाहिए चाहे जो भी तरीका अपनाना पड़े। भाजपा तो जो कर रही है वह कर रही है लेकिन

**रिकॉर्डिंग उठा करके देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में हर जगह आपत्तिजनक चीज मिलेंगे जिसे चुनाव आयोग में मना किया था ऐसे मेरा कांग्रेस पार्टी इसको लेकर के आक्रामक रवैया अपनाए और चुनाव आयोग में शिकायत करें और अगर चुनाव आयोग ना सुने तो सुप्रीम कोर्ट में इसकी शिकायत की जाए तो मोदी का यह भाषण उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य भी बनवा सकता है चुनाव प्रचार करने से भी रोक सकता है**

कांग्रेस आखिर क्यों खामोश है ? चुनाव आयोग में जाकर के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की शिकायत क्यों नहीं करती? चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या दूसरे नेता जो धर्म के नाम पर वोट मांगने की कोशिश कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करती ? कांग्रेस पार्टी का अपना एक लीगल सेल है जिसमें देश के बड़े बड़े वकील शामिल है आखिर वह इस मुद्दे पर कदम क्यों नहीं उठा रहे हैं ?

रिकॉर्डिंग उठा करके देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में हर जगह आपत्तिजनक चीज मिलेंगे जिसे चुनाव आयोग में मना किया था ऐसे मेरा कांग्रेस पार्टी इसको लेकर के आक्रामक रवैया अपनाए और चुनाव आयोग में शिकायत करें और अगर चुनाव आयोग ना सुने तो सुप्रीम कोर्ट में इसकी शिकायत की जाए तो मोदी का यह भाषण उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य भी बनवा सकता है चुनाव प्रचार करने से भी रोक सकता है । लेकिन न जाने कांग्रेस आखिर क्या सोच रही और क्यों इस मुद्दे पर खामोश है। अभी चुनाव के 6 फेस बाकी हैं कांग्रेस को चाहिए कि इस मुद्दे को लेकर गंभीरता के साथ और तुरंत कार्रवाई करे।

**जय हिन्द।**

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — नया सरकारी पद मिलेगा, धार्मिक यात्रा में धन या सामान खोने का योग है, विदेश में बसने के लिए कोई छोटा कार्य करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-64

**वृषभ** — क्लाइंट से काम मिलेगा, धन मिलने में देरी होगी,घर में बिजली समस्या, कोई उपकरण खराब होना सम्भव है,वैवाहिक जीवन में झगड़े बढ़ सकते है। भाग्य प्रतिशत-53

**मिथुन** — घर में विवाद की स्थिति आ सकती है,वाहन से चोट, ऊंचाई,जंगली जानवर से दूर रहें,विवादित सम्पत्ति ना खरीदें, नेटवर्क कार्य से लाभ, रसूखदार लोगों से मिलेंगे। भाग्य प्रतिशत- 56

**कर्क** — मन में अशांति अनुभव होगी, खर्चा अधिक होगा आय में कमी का संकेत है, प्रॉपर्टी के व्यवसाय में अल्प प्रगति सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — गलत मार्ग से धन की प्राप्ति होगी, ब्याज के कार्य से थोड़ी परेशानी सम्भव है, पुलिस स्टेशन किसी काम से जाना पड़ सकता है, सोच समझकर बोले। भाग्य प्रतिशत-52

**कन्या** — मेडिकल के क्षेत्र में अवसर मिलेगा, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, मीडिया का कार्य कर सकते है, सड़क पर किसी से झगड़ा सम्भव है, बड़ा कैश लेकर ना निकले। भाग्य प्रतिशत-55

**तुला** — पार्टनरशिप में कार्य करना अच्छा रहेगा जीवन साथी को फेफड़े, हृदय रोग, अल्जाईमर या डिप्रेशन का ईलाज सम्भव है, मन का कार्य मुश्किल से मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**वृश्चिक** — ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा, संतान को स्वास्थ्य या करियर में परेशानी होगी, मार्केटिंग कार्य में बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी । भाग्य प्रतिशत-49

**धनु** — नौकरी में कार्य समझ में नहीं आयेगा, मन उखड़ सकता है, घर में किसी बात को मुद्दा बन जाएगा तनाव सम्भव है, कुछ साज सज्जा का सामान ला सकते है। भाग्य प्रतिशत-51

**मकर** — अध्यात्म से धन कमा सकते है, किसी यात्रा का परीणाम सुखद नहीं रहेगा, ऑनलाइन कार्य मिलेगा, विदेशों लोगों से बातचीत होगी। भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ** — अपने मुताबिक कार्य करने के लिए जोश रहेगा, लेकिन शंका भी रहेगी, किसी के बताने पर कोई दवा का सेवन कर सकते है, टॉवर, लोहा, मेकेनिकल, कंस्ट्रक्शन आदि कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-60

**मीन** — नया कार्य मिलेगा, समाज सेवा के कार्य से नाम बढ़ेगा, सर्जरी इंस्ट्रूमेंट्, मेडिसीन, पैथोलॉजी कार्य चलेगा, थकान अधिक अनुभव होगी। भाग्य प्रतिशत-56




अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# चिंतन मनन : साहित्य, भाषा आत्मिक गौरव की अभिभाषक

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन

**मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है**

सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार



संजीव ठाकुर

एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

## हनुमान जयंती विशेष प्रार्थना

महें तो करूं थारो गुणगान, लेकर सीयाराम जी रो नाम
बाबो महारा अटक्या कारज बेगा पार लगा सी
चैत सुदी पूनम ने प्रगट्यो, अंजनी माता रो ओ लाल,
केसरी नंदन, पवन पुत्र, बजरंगबली थोरा प्यारा नाम,
भोले शंकर रो हो अवतार, थे तो महाबली हनुमान
जय हो कपि श्रेष्ठ मारूति राभ भक्त बलवान,
महें तो करूं थारो गुणगान
थे करो श्री राम सीया री भक्ति, थामें है बड़ी विलक्षण शक्ति,
हाथ में थौरे व्रज और गदा साजे, लाल ध्वजा आ सोहणी विराजे,
नव ग्रह भी थर-थर कांपे,भूत प्रेत थौरे नाम सुं दूर भागे,
जागृत है कलिकाल में देव एक महान,
महें तो करूं थारो गुणगान
अशोक वाटिका में सीता माता हर्षाई, जब थे तो राम नाम री धुन गाई,
लक्ष्मण जी रा प्राण संकट सुं बचाया , थे संजीवनी पर्वत उठा ले आया,
पृथ्वी पर राक्षसों को पटक-पटक धना धन थे मारया,
फेर लंका में भीषण युद्ध हुयो बड़ों घमासान,
महें तो करूं थारो गुणगान
मैं तेल सिंदूर घणों चढ़ाऊं, बूंदी, बेसन रा लाड्डू भोग लगाऊं,
झांझ, मंजीरा झूम-झूम बजाऊं, तुलसी दल, बीड़ों सागे चढ़ाऊं,
जगत में बड़ो है नाम, जय हो हं हं हं हनुमान,
थोरा गुरु है परम तेजस्वी सूर्य देव भगवान,
महें तो करूं थारो गुणगान
म्हारा दुखड़ा बाबा सुनाऊं, थारी मनोरथ मैं प्रेम सुं गाऊं,
शरण थौरी मैं आयो, चरणों में श्रद्धा सुं शीश नवायो,
क्षमा करो म्हारा अपराध, जय हो कृपा निधान,
दीजो सुख - संपत्ति, बल, बुद्धि और आत्म ज्ञान,
महें तो करूं थारो गुणगान।



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई , तमिलनाडु

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# कलयूगी पुत्र और पुत्रवधू ने की वृद्ध मां के साथ मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कालोनी निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने पुत्र व पुत्र वधू सहित अपने पोते पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को विकासखंड की इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी वृद्ध महिला मकसुदी पत्नेी युसूफ ने थाने पर पहुंच कर बताया कि उसका पोता घर पर रखें एक साउंड सिस्टम से तेज आवाज में गाने बजा कर पीड़िता को परेशान करता है, जब पीड़िता मना करती है तो उसका पुत्र व पुत्रवधू पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हैं। मंगलवार को आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मेरठ लोकसभा सीट: रामायण के राम अरुण गोविल के मैदान में आने से चुनाव हुआ बेहद रोचक

**मेरठ (आरएनएस)।** पश्चिमी यूपी के मेरठ लोकसभा का चुनाव इस बार बेहद अहम होने के साथ ही चर्चित हो चुका है। यह सीट यूपी की हॉट सीट बन गई है। यहां से भाजपा ने लगातार तीन बार से सांसद चुने जा रहे राजेंद्र अग्रवाल की जगह टीवी सीरियल रामायण के राम अरुण गोविल को मैदान में उतारकर चुनाव को बेहद रोचक और ग्लैमरस कर दिया है। उनके प्रचार में भी बॉलीवुड के अभिनेता-अभिनेत्री पहुंच रहे हैं। अरुण गोविल का मुकाबला सपा की दलित प्रत्याशी सुनिता वर्मा हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा के 'राम' के सामने सपा की 'सबरी' में मुकाबला हो रहा है। मेरठ लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा का कब्जा है।

पिछले लोकसभा चुनाव में बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला था। बीजेपी के राजेंद्र अग्रवाल ने हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने केवल 4729 मतों से बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को हराया था। राजेंद्र अग्रवाल को 586,184 वोट और बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को 581,455 वोट मिले थे। जबकि इससे पहले 2014 के चुनाव में राजेंद्र अग्रवाल करीब सवा दो लाख वोटों से जीते थे।

**मुस्लिम बाहुल्य सीट पर सपा-बसपा के भी हिन्दू प्रत्याशी**

मेरठ लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा छह लाख मुस्लिम मतदाता है। इसके बाद दलित तीन लाख हैं। वैश्य करीब ढाई लाख हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 70 हजार और जाट वोटरों की सख्या 60 हजार है। गुर्जर और त्यागी भी 60-60 हजार हैं। ठाकुर और सैनी 50-50 हजार हैं।

इसके अलावा कश्यप की संख्या 45 हजार और पंजाबी की संख्या 30 हजार है। मुस्लिम बाहुल्य सीट होने के बाद भी सपा-बसपा किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं दिया है। जाति समीकरण के कारण ही सपा ने तीन बार यहां पर प्रत्याशी बदला है। प

ाहले अखिलेश यादव ने भानु प्रताप को टिकट दिया और फिर उनका नाम काटकर अतुल प्रधान को टिकट दे दिया। अंतिम समय में अतुल प्रधान की जगह दलित सुनीता वर्मा को मैदान पर उतार दिया है। सपा को भरोसा है कि मुस्लिम-दलित गठजोड़ के जरिए वह इस सीट को जीत लेगी।

बसपा ने त्यागी समुदाय से देवव्रत त्यागी को मैदान में उतारा है। मायावती की नजर मुस्लिम-दलित के साथ-साथ राजपूत और त्यागी समुदायों पर भी है। मेरठ में ज्यादातर राजपूत-त्यागी समुदाय ने बीजेपी के प्रति अपना असंतोष जताया है। बसपा मुस्लिम-दलित के साथ-साथ बीजेपी का विरोध करने वाले हिंदू वोटर्स को लुभाने की कोशिश में है।

मेरठ संगीत वाद्ययंत्र मामले में सबसे बड़ा उत्पादक है। 1857 की क्रांति का बिगुल इसी मेरठ में बजा था और फिर तेजी से देश में कोने-कोने तक पहुंचा था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, मय असुरों का वास्तुकार था।

उनकी बेटी मंदोदरी रावण की पत्नी थी। महाभारत के दौर में कौरवों की राजधानी हस्तिनापुर में थी, जो आज के मेरठ में ही स्थित है। मध्यकालीन दौर में इस शहर की इंद्रप्रस्थ (वर्तमान दिल्ली) से निकटता की वजह से इस क्षेत्र की अहम पहचान बनी रही।

**अब तक बने सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शाह नवाज खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | शाह नवाज खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | शाह नवाज खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | महाराज सिंह भारती | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | शाह नवाज खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | कैलाश प्रकाश | जनता पार्टी |
| 1980 | मोहसिना किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | मोहसिना किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | हरीश पाल | जनता दल |
| 1991 | हिंसा के कारण चुनाव रद्द | |
| 1994 | अमर पाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | अमर पाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | अमर पाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | अवतार सिंह भड़ाना | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2004 | मो शाहिद अखलाक | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | राजेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2014 | राजेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | राजेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनता पार्टी। |

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर वाहनों का रूट डाइवर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**कांधला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बागपत आगमन पर पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया। पुलिस प्रशासन ने सहारनपुर से दिल्ली जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट करते हुए उन्हें पानीपत की ओर से रवाना किया। मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बागपत के कस्बा बड़ौत में आरएलडी और बीजेपी के संयुक्त प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में एक रैली आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कस्बे में पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्ट कर दिया। पुलिस प्रशासन ने कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर बैरिकेडिंग लगा कर दिल्ली जाने वाले वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें पानीपत की ओर रवाना किया। वाहनों का रुट डाइवर्ट के दौरान पुलिस कर्मियों को चिलचिलाती धूप में घंटों पसीना बहाना पड़ा। कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान हाईवे पर वाहनों का जाम भी लग रहा। मुख्यमंत्री कार्यक्रम समापन के बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग हटाकर ट्रैफिक व्यवस्था को चालू किया।

# लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत शहर में निकाली गयी रैली

**मेरठ (आरएनएस)।** आज जनपद मेरठ में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत शहर में रैली निकाली गयी। रैली में थर्ड जेंडर मतदाताओं द्वारा आने वाली 26 अप्रैल 2024 को वोट डालने की अपील की गयी। जिला प्रशासन द्वारा थर्ड जेंडर/ट्रांसजेंडर की सहभागिता हेतु मतदाता शिक्षा एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।




रैली में थर्ड जेंडर रेशमा, जोया, अवंतिका, सन्नो, मन्नू, नायरा द्वारा रैली में भाग लिया गया तथा थर्ड जेंडर व्यक्तियों हेतु कार्य कर रही संस्था वाईआरजी केयर मेरठ के सदस्य श्री अमन सिंह, श्री इरफान अली व अन्य स्टाफ का सहयोग रहा। लोक गायक श्री शाहिद रजा द्वारा मतदान गीत गाकर लोगो को वोट करने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों एवं स्वीप से सुश्री कौसर की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की एआरओ, सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक




**मेरठ (आरएनएस)।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एआरओ व सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियो को संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओ से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिये गये।

उन्होने वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्र पर वोटर एसिस्टेंस बूथ समुचित व्यवस्थाओ के साथ बनाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एआरओ, सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना के बाद चलाया स्वच्छता अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती स्थित मन्दिर महादेव मारूफ शिवाला धर्मार्थ ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) द्वारा सिद्ध पीठ पुश्तैनी मन्दिर में हनुमान जयन्ती का पर्व धार्मिक अनुष्ठान, स्वच्छता अभियान एवं मन्दिर में पेड़ पौधों की सिंचाई कर पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मन्दिर के वंशानुगत पुजारी पंडित राधेश्याम के द्वारा हनुमानजी की भक्ति और शक्ति का गुणगान किया गया। मन्दिर ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट एवं महासचिव डॉ शिखा कौशिक द्वारा हनुमान जयन्ती पर धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। मन्दिर में धर्म सिंह व अशोक सहित कई लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए मंदिर के पेड़ पौधों की सिंचाई का कार्य किया। इस दौरान दर्जनों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गली में खड़े व्यक्ति के साथ मारपीट कर सर फोड़ा, एक का चालान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मिलकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया, घायल ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी इरफान ने मंगलवार सवेरे बताया कि वह अपने घर के बाहर गली में खड़ा हुआ था, आरोप हैं कि तभी गांव के ही दानिश और मुन्ना ने मिलकर पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए सर में डंडा मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी युवक मोके से फरार हो गए,घायल के परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।



### गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी एक युवक ने गांव के कई लोगों पर उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है,पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी अरशद ने बताया कि मंगलवार दोपहर को उसका भाई नौशाद खेत पर जा रहा था आरोप है कि तभी दो लोगों के बीच कहासुनी हो रही थी। जब उसके भाई ने दोनों आरोपियों के बीच बचाव किया तो एक पक्ष ने पीड़ित के भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है,पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।\

# बालिका के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कई दिन पूर्व 6 वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कई दिन पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पड़ोस के युवक रोहित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम जसाला ने उसकी 6 वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। उसकी पत्नी को जानकारी मिलने पर जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ भी जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर फरार हो गया था। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था। मंगलवार को खंद्रावली चौकी प्रभारी मुकेश दिनकर ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर आरोपी को दिल्ली रोड स्थित जसाला बस स्टैंड के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# रातोंरात बनाई सड़क: ऊंचे कराए बिजली के तार, सीएम का कार्यक्रम मिलते ही सुधरे क्षेत्र के हाल

**मेरठ(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो का कार्यक्रम जारी होते ही नगर निगम से लेकर अन्य सरकारी विभाग सक्रिय हो गए और सुधार कार्यों में जुट गए। पिछले चार माह से टूटी पड़ी घंटाघर से छतरी वाले पीर तक सड़क का रातोंरात निर्माण कर दिया गया। घंटाघर से अतिक्रमण हटा दिया गया। छतरी वाले पीर से लेकर घंटाघर तक लोक निर्माण विभाग की ओर से नाला निर्माण किया गया। इसके साथ ही यहां पर डिवाइडर भी बनाया गया। दोनों कार्यों के चलते पिछले चार माह से लोग परेशान थे।

डिवाइडर के एक ओर सड़क का निर्माण नहीं किया गया था। हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी। वहीं दूसरी ओर टूटी सड़क के कारण धूल का गुबार यहां उठता रहता था। इससे पास ही स्थित प्यारे लाल अस्पताल में आने वाले मरीज भी परेशान रहते थे। अब जैसे ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी मिली तो सड़क की सूरत ही बदल दी गई।

मुख्यमंत्री के रोड शो को देखते हुए घंटाघर क्षेत्र के आसपास सड़क का निर्माण कराया गया है। जहां सड़क खराब है, वहां सही कराई गई है। - प्रमोद कुमार, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

**बिजली के तार ऊंचे कराए**

मुख्यमंत्री के रोड शो को देखते हए पीवीवीएनएल की ओर से भी तैयारी की गई है। एहतियात के तौर पर बिजली के लटके हुए तारों को ऊंचा किया गया। दिल्ली चुंगी से लेकर घंटाघर तक तारों के जाल को खत्म कर दिया गया है। मुख्य अभियंता धीरज सिन्हा व अधीक्षण अभियंता शहर राजेंद्र बहादुर ने भी सोमवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया और बिजली के तारों को ऊंचा कराया। क्षेत्र में तारों को 15-15 फीट तक ऊंचा करा दिया गया है।

**ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू**

मुख्यमंत्री के रोड शो से पहले दिल्ली चुंगी से लेकर शारदा रोड, कबाड़ी बाजार, बैली बाजार, लाला बाजार तक संबंधित इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। साथ ही ड्रोन से निगरानी की जा रही हैं। होटलों में संदिग्ध लोगो से पूछताछ कर उनका सत्यापन किया गया। देहलीगेट इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभी रूटों पर यातायात टीमें भी अलर्ट रहेंगी।

**अपील** बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की

# मेरठ में बसपा सुप्रीमो मायावती को भेंट किया गया सोने का मुकुट

**मेरठ (आरएनएस)।** बसपा सुप्रीमो मायावती मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती ने चुनावी जनसभा के मंच से हापुड रोड पर अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की। बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। यहां उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही। रैली के दौरान मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी, पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी व हाफिज इमरान ने मिलकर बहन मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया। जनता ने मौका दिया तो सबसे पहले पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का करेंगे कार्यः मायावती

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा।





उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को भी गन्ने का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दलों की सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी राजनीतिक दलों ने देश के गरीब लोगों के साथ अन्याय किया है। मेरठ में जनसभा के मंच से मायावती ने कहा कि संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। जहां दलित, अति पिछड़ों के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई है, वहीं सरकारी कर्मचारियों को नौकरियों में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है।

भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। उन्होंने मंच से अपनी सरकार के 2007 से 12 तक उत्तर प्रदेश की जनता के लिए किए गए कार्यों को भी गिनाया।

बसपा सुप्रीमो मायावती आज मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। उनकी रैली के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हाजी याकूब कुरैशी भी रैली में पहुंचे। श्मसुद्दीन राईन और देवव्रत त्यागी मंच पर मौजूद रहे। बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की। इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। मायावती आज हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दलों की सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी राजनीतिक दलों ने देश के गरीब लोगों के साथ अन्याय किया है।

## मौसी के घर मेहमान दारी में आई लड़की को तीन युवकों की मदद से अजय लेकर हुआ फरार, चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । मौसा के घर मेहमानदारी करने आई लडकी लापता हो गई पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जनपद सम्भल के थाना असमौली क्षेत्र के गांव की लडकी छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मे अपने मौसा के घर मेहमानदारी करने आई थी। आरोप है की वहां से उसके गांव का युवक अजय पुत्र प्रेम सिंह लडकी को भगा कर ले गया। इस काम में उसकी मदद अमित पुत्र कल्लू, विक्की पुत्र नामालूम और निक्की पुत्र नामालूम ने की। लडकी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चारो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## समरसेबल ठीक करने को लेकर प्रधान के भाई ने सफाई कर्मचारी से की गाली गलौज जाति सूचक शब्दों का किया इस्तेमाल, आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । शाहपुर अब्दुल बारी गांव के सामुदायिक शौचालय मे गांव की महिला अतरेश कई सालो से काम कर रही है। बताया गया कि वहां का समरसेविल खराब हुआ तो उसने इसकी सूचना प्रधान को दी। प्रधान ने इसकी जानकारी करने के लिऐ अपने भाई मुसर्रफ को सामुदायिक शौचालय भेजा आरोप है कि वहां पर उसने महिला सफाई कर्मचारी को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की और कहा कि इसे हम ठीक नही करेंगे। महिला कर्मचारी ने इसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगा। पीडित महिला थाने आई और तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# भाभी पर लगाया घर बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिए जांच के आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । छजलैट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत की। पीड़ित के अनुसार पति से पारिवारिक विवाद के कारण वह करीब एक साल से वह मायके में रह रही है। पीड़िता के अनुसार गांव में उसके भाई ओर भाभी का अलग मकान है। भाई मजदूरी के लिए दिन भर बाहर रहता है जबकि भाभी घर में अकेली रहती है। पीड़िता ने बताया कि रविवार को शाम करीब 6:30 बजे भाभी अपने घर बुलाकर ले गई और कहा कि बगल के



कमरे में दो मेहमान बैठे हैं उन्हें चाय पिलवा दो। पीड़ित के अनुसार जब वह चाय लेकर कमरे में गई तो भाभी ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। कमरे में भोजपुर के गावं नेकपुर की मढैया और बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी भाभी के जीजा मौजूद थे। आरोप है कि दोनों ने पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार रविवार को ही वह छजलैट थाने पर शिकायत लेकर गई लेकिन, वहां सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंच कर शिकायत की। मामले में एसएसपी ने छजलैट पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं ' खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी ।

# भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने जन सम्पर्क कर मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** विधानसभा कुन्दरकी के मण्डल रतनपुर कला से भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जन आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ की ।

इसके बाद क्षेत्र ग्राम करीमपुर जब्ती, मालीपुर, रतनपुर कला, भाण्डारा, भाण्डारी, करनपुर, कोण्डारी, युसुफपुर नागलिया, हिसामपुर मुण्डी मिलक, मंदारपुरा विचोला, अल्लापुर भीकन, बहादुरपुर राजपूत, लालपुर गंगवारी, फतेहपुर खास, मलकपुर, जटपुरा, तहारपुर, बसेरा खास, बसेरा की मिलक, लाईठेर, इमरतपुर उधो, मधुपुरी, लालपुर हमीर मे जन आशीर्वाद यात्रा में लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में मुस्लिम समाज को अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया है। पिछली सरकारों ने केवल मुस्लिम समाज को वोट लेने के लिए प्रयोग किया। भाजपा सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ कार्य कर रही है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बड़ा है।

गुंडागर्दी का खत्मा हुआ है।

कार्यक्रम में संभल लोक सभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कार्यक्रम में पहुंचकर अपने लिए वोटो की अपील की उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी का मान सम्मान बड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरे सांसद बनते ही संभल लोकसभा में विकास की गंगा वहेगी तथा सभी कार्यकर्ताओ का मान और सम्मान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी के हित के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम मे







जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली चौहान, क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा ठाकुर दिनेश सिंह, विधानसभा प्रभारी महेंद्र प्रजापति, जिला पंचायत प्रतिनिधि ठाकुर राकेश चौहान, विधानसभा संयोजक बालेचरन वाल्मीकि , मंडल अध्यक्ष बृजेश लोधी,मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्शे अली, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मडंल महामंत्री कुलदीप ठाकुर मंडल महामंत्री राजवीर सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी नीरज अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । सोशल फाउंडेशन मुरादाबाद के तत्वावधान में समाजसेवी नीरज अग्रवाल की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर"

### भजन संध्या से गुलजार होगा श्रद्धांजलि समारोह

नीरज अग्रवाल स्मृति सम्मान " 25 अप्रैल को सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट साई मंदिर के सामने दीनदयाल नगर मुरादाबाद में अपराह्न 3:00 बजे आयोजित होगा। इसमें शिव तांडव स्त्रोत , भजन प्रवाहक बाल कलाकार,एव संगत निधि गुप्ता एव नेहा वायलिन पर मनोज के मुखारविंद से मां की प्रस्तुति होगी । इस समारोह में मुरादाबाद महानगर की सम्मानित शैक्षिक,सामाजिक धार्मिक, सांस्कृतिक एवम



साहित्यक विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम 21 अप्रैल को आयोजित होना था लेकिन भाजपा के पूर्व सांसद कुमार सर्वेश कुमार के अचानक निधन होने से उसे दिन इसे स्थापित कर दिया गया था अब यह कार्यक्रम गुरुवार 25 अप्रैल को पूर्व निर्धारित स्थान पर होगा। यह जानकारी सोशल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अनुज अग्रवाल ने मंगलवार की शाम दी है।

# एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया जहां बच्चो ने हनुमान चालीसा को सुनाया। और स्कूल की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चो को बताया कि पंचांग के अनुसार, हनुमान जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है. अंजना और केसरी के पुत्र हनुमान को वनर देवता, बजरंगबली और पवन पुत्र हनुमान के साथ 12 नामो से जाना जाता है यह श्री राम के प्रिय भक्त है।



इसी के साथ एबीसी स्कूल में भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने हनुमान चालीसा भी सुनाई ।। उत्सव का प्रारंभ अनुराग भार्गव द्वारा भगवान हनुमान की आरती और उन पर चोला चढ़ा कर किया गया । इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । कार्यक्रम में स्कूल की सभी अध्यापिकाओं का भरपूर सहयोग रहा ।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत पूर्व भाजपा सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के निवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी





आदित्यनाथ आज दोपहर दिवंगत पूर्व भाजपा सांसद और मुरादाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रत्याशी रहे सर्वेश सिंह के निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके निवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रतुपुरा पहुंचें और पूर्व सांसद के स्वजन से मिलकर उन्हें सांत्वना दी । मुख्यमंत्री करीब 25 मिनट उनके आवास पर रुकें और उनके पुत्र भाजपा विधायक कुंवर सुशांत से बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर रतुपुरा मे सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिवंगत नेता के निवास स्थान पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

दिवंगत कुंवर सर्वेश मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से पांच बार विधायक तथा एक बार सांसद भी रह चुके थे. उनके पिता रामपाल सिंह 1984 में कांग्रेस से अमरोहा से सांसद चुने गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, "कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं. प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों और उनके समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पर शहर विधायक रितेश गुप्ता, चंद्रपाल सिंह, नवीन शर्मा, आदि मौजूद थे।

# बिना नक्शा पास कराए की जा रही अवैध प्लाटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** अमरोहा जिले के गांव अदलपुर ताज कैलसा और पातई कला के करीब बिना नक्शा पास कराए प्लॉटिंग हो रही है। एनबीसी (नेशनल बिल्डिंग कोड) के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। जिन इलाके में ये काम चल रहा है वो ज्यादातर गांव के हिस्से हैं। मानकों को ताक पर रखकर अवैध रूप से हो रही

इस प्लॉटिंग में लोगों को जलनिकासी, पेयजल, सड़क और अन्य सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान होना पड़ेगा। प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है। विनियमित क्षेत्र कार्यालय में भी पूरी जानकारी नहीं है। उपजिलाधिकारी भी कई

**बिना नक्शा चल रही प्लॉटिंग में सड़क, पानी, बिजली, सफाई व चौड़ी सड़कों की समस्या होगी। नक्शा के अंतर्गत पार्क व पार्किंग की भी व्यवस्था की जानी होती है। लेकिन बिना नक्शा पास कराए चल रही प्लॉटिंग में इन मानकों को नजर अंदाज कर दिया गया है**

बार भूमाफियाओं को चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन उनको प्रशासन का डर नही हैं। ऐसे में वह प्रशासन के आदेशों का उलंघन कर रहे हैं। अमरोहा में ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास प्लॉटिंग का बड़ा काम चल रहा है। ज्यादातर खेतों में प्लॉट काटे जा रहे हैं और कुछ तालाब भी पाट कर मिट्टी से भराव कर दिया गया है। इन पर भी प्लॉट बनाकर बेचने की तैयारी है। हालांकि तालाब जो पाट दिए गए हैं इन्हें निजी बताया जाता है। इसलिए मिट्टी से भराव कर समतल कर दिया है। एनबीसी का उल्लंघन हो रहा है। वहीं प्लॉटिंग कर रहे जिला मुरादाबाद के लोग मानकों को ताक पर रखकर धारा 80 सी की अनुमति भी नहीं ली। इस धारा के अंतर्गत कृषि भूमि की प्रकृति बदला जाता है। इसको आबादी में दर्ज कराया जाता है।

### क्या होगी असुविधा

बिना नक्शा चल रही प्लॉटिंग में सड़क, पानी, बिजली, सफाई व चौड़ी सड़कों की समस्या होगी। नक्शा के अंतर्गत पार्क व पार्किंग की भी व्यवस्था की जानी होती है। लेकिन बिना नक्शा पास कराए चल रही प्लॉटिंग में इन मानकों को नजरअंदाज कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि यह मानकों के विपरीत कार्य है। इससे उन तमाम लोगों को समस्या होगी जो प्लॉट की खरीद करेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में पूजा अर्चना कर किया भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर चोला चढ़ाया गया। और केक काट कर छप्पन भोग चढ़ाया गया ।

इससे पूर्व सभी भक्तों ने आरती कर हनुमान जी से प्रार्थना की उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहें मौके मंदिर के पुजारी विपिन शर्मा , विनय राज एडवोकेट, बृजेंद्र शर्मा,राकेश शर्मा, मनोज कठेरिया एडवोकेट, हरिश सोलंकी, राहुल अग्रवाल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, नीलेश शर्मा, सौरभ यादव आदि अनेकों भक्तों ने सम्मिलित होकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण में सहयोग किया।





## पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी



नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी मु0नं0 592/23 धारा 125(3) सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त आदेश कुमार पुत्र हरिओम निवासी गीतानगर हाईड्रिल कालोनी कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को उ0नि0 सचिन कुमार भाटी द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

# कुन्दरकी के पूर्व चैयरमैन पद प्रत्याशी सायरा बानो का निधन,लोगों ने किया गम का इजहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** चैयरमैन पद की पूर्व प्रत्याशी का बीमारी के चलते मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है लोगों ने गम का इजहार किया है। मंगलवार को नगर के मौहल्ला कायस्तान निवासी कांग्रेस पार्टी से पूर्व चैयरमैन प्रत्याशी सायरा बानों उम्र 60 वर्ष पत्नी शराफत तुल्ला का बिमारी के चलते सुबह ग्यारह बजे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल मे निधन हो गया है ।





सायरा बानो के बेटे हसमत रजा उस्मानी ने बताया कि सायरा बानों की काफी समय से बीमारीयों से ग्रस्त थी उनका लगातार उपचार चल रहा था । मंगलवार को मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उनके एक भाई डॉक्टर विशारत तुल्ला का भी कुछ वर्ष पहले इंतकाल हो गया था। मृतका ने अपने पीछे बेटे शहादत तुल्ला,हसमत रजा उस्मानी,और हाजी अमजद तुल्ला और चार बेटियां छोड़ी है । जिसमे एक बेटी को छोड़कर सभी बच्चे विवाहित है ।सायरा बानों की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया । रोते रोते बुरा हाल हो गया । सगे संबंधियों और रिश्तेदारों ने ढाढंस बंधाया । हसमत रजा उस्मानी के आवास पर अवाम का तांता लग गया । गमगीन माहौल मे सायरा बानों के जनाजे की नमाज मस्जिद ए आला हजरत मे हुई। और दफन मस्जिद आला हजरत के पीछे स्थित कब्रिस्तान मे हुआ। दफन मे समाजिक धार्मिक राजनीतिक सगे संबंधी और नगरवासी बड़ी तादाद मे लोग शामिल रहे ।

"बुलन्द संदेश" की ग्राउंड रिपोर्ट

## हजारों पौधे सुखे, पानी में हो रहा है मछली पालन,अनेक में "लटका ताला"

# लाखों की लागत से बने" अमृत सरोवर ग्रामीणों के लिए हुए शोपीस"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । शासन के निर्देश पर करीब 2 वर्ष पूर्व तहसील क्षेत्र में करीब एक दर्जन गांव में अमृत सरोवर बनाए गए जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण अमृत सरोवर में हजारों रुपए के पौधे सूख गए हैं अनेक स्थानों पर अमृत सरोवर के बाहर ताला लगा हुआ है और लंबी-लंबी घास जमा है यह अमृत सरोवर ग्रामीणों के लिए इस समय बे मकसद साबित हो रहे हैं ' नगर के पास बने एक अमृत सरोवर में इस समय पानी में मछलियां पल रही है और सिंघाड़े की बेल डाली हुई है यानी जिस पानी में स्नान करना था उसमें व्यापार हो रहा है । शासन ने ग्रामीणों के लिए अमृत सरोवर की स्थापना कराई थी ताकि इसमें लोग घूम सके और आनंद ले सके लेकिन अधिकांश अमृत सरोवर बंद पड़े हैं और वहां गंदगी का ढेर जमा है नगर पंचायत ने श्री जंभेश्वर आश्रम के पास अमृत सरोवर बनवाया था जिसमें ताला लगा हुआ है और पानी की एक बूंद नहीं है ऊंची ऊंची घास उगी हुई है । तहसील के करीब एक दर्जन तालाबों को अमृत सरोवर योजना के तहत विकसित किया गया था इसमें श्रमदान करके हजारों की लागत से पौधे लगाए गए थे जनपद के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में पौधारोपण हुआ था लेकिन आज सभी पौधे सूख गए हैं। दो साल पहले शुरू किए गए इस प्रयास से कुछ तालाबों की तस्वीर तो बदली है। कुछ तालाबों के पास शुरू में वहां बेहतर साफ-सफाई दिखाई दी, लेकिन अब फिर उसकी दशा धीरे- धीरे बिगड़ती जा रही है। अमृत सरोवर में किनारे लगाए गए पौधे सूख रहे हैं तो कहीं पानी फिर गंदा होता जा रहा है। यह हाल तब है जब इन तालाबों को विकसित करने के लिए प्रति तालाब करीब 20 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। जल संरक्षण के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थित एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले करीब 12 तालाबों का चयन अमृत सरोवर योजना के तहत किया गया था अनेक अमृत सरोवर ग्रामीणों के लिए शोपीस बनकर रह गए हैं।:










# मोहित कौशिक बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा बेगमाबाद निवासी मोहित कौशिक को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान देते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।



समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा मोहित कौशिक को मनोनयन पत्र सौंपते हुए पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर संगठन को मजबूत बनाने की आशा की गई है। राष्ट्रीय सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत होने के बाद मोहित कौशिक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उनको यह पद का दायित्व सोपा गया है उस दायित्व का वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और पार्टी की नीतियों पर चलकर संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद मोहित कौशिक को बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# मरकजे तालीम और तरबियत ट्रस्ट द्वारा मेहदवी समाज क्लासेज मे कामयाब स्टूडेंट्स की तकसीम ए ईनामात की तकरीब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मेहदवी समाज क्लासेज मे कामयाब स्टूडेंट्स की तकसीम ए ईनामात की तकरीब मे आयतुल्लाह अल उजमा शेख वहीद खोरासानी के फरजन्द ए अकबर आयतुल्लाह शेख मोहसिन वहीद का इमाम ए जमाना की मार्फत पर इरफानी बयान दिया जिसमें इमाम की मार्फत पे जोर दिया और हाजरीन से नमाज को अव्वले वक़्त पढ़ने की ताकीद की साथ ही इमाम की खिदमत मे कुरआन की तेलावत को हदिया का अज्र देते हुए फरमाया कि जिस ने ऐसा किया वो कयामत मे इमाम के हमराह होगा!

तकरीब के बाद मरकज तालीम ओ तरबीयत ट्रस्ट की जानिब से बरपा होने वाले सभी सेंटर के कामियाब स्टूडेंट्स के दरमियान फस्ट, सेकंड, थर्ड पोजीशन पाने वालों को नफीस इनाम से नवाजा गया। प्रोग्राम अन्दरूनी कबला दयानतुददौला काजमैंन मे बरपा हुआ। जिस मे







स्टूडेंट्स ने अपने गार्जियन के हमराह शिरकत की। इम्तेहान का नतीजा बहुत अच्छा हुआ 50/ से ज्यादा नंबर पाने वालों की तादाद 90 % से ज्यादा रही। 2 स्टूडेंट्स जिन्होंने सब से जयादा 98% मार्क.पाए। 8 लोगों ने 96%. 21 लोगों ने 94% और 20 लोगों ने 92% और 90% 20 लोगों ने हासिल किए। फुल अटेंडेंस वालों के दरमियान कुरा के जरिए 10 लोगों को शहीद सालिस की जियारत पर भेजने का ऐलान किया गया। बाकी इनाम इन्तेजामिया टीम के दरमियान कुरा के जरिए दिए गए। मरकज की जानिब से मौलाना आब्दी साहब ने शहर के लोगों का शुक्रिया अदा किया।

प्रोग्राम मे बच्चों ने महदवी आयात पेश की और सलाम पेश किया और इमाम जमाना पे स्टेज का प्रोग्राम पेश किया। महदवी समाज की इफादियत पर वहीद खुरासानी के बेटे के बयान को पेश करते हुए मौलाना आब्दी ने लोगों की खिदमत मे दुहराते हुए उसपे अमल करने की दरख्वास्त की। आखिर मे इमाम मेंहदी की सलामती के लिए दुआ की और प्यारे मुल्क की तरक्की की दुआ के साथ प्रोग्राम का खात्मा हुआ।

# प्रतिदिन 3500 मीट्रिक टन कूड़ा नया गाजीपुर और ओखला लैंडफिल साइट पर आ रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं और नेताओं के नए-नए वादे भी हो रहे हैं जनता को अपनी ओर लुभाने के लिए सभी पार्टी अपना नया-नया एजेंडा पेश कर रही है। दिल्ली में कोई भी राजनीतिक दल जनता को कूड़े के ढेर की समस्या से बढ़ते वायु जल के खतरे से निजात दिलाने के लिए पहल नहीं कर रहे हैं। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग की घटना ने

**गीले और सूखे कूड़े को भी अलग नहीं कर रहे दिल्ली के नागरिक**

एक बार फिर दिल्ली की जनता का ध्यान कूड़े के पहाड़ों ने खींच लिया है। जिन कूड़े के पहाड़ों को वर्ष 2022 से लेकर 2024 तक पूरी तरह खत्म हो जाना चाहिए था, वह अभी तक वैसे ही दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के नाम पर इन पर लगी ट्रामल मशीन और क्रेन आदि मशीनें खड़ी दिखाई देती हैं। कूड़े के पहाड़ों के आसपास खाली जमीन पर कूड़ा नीचे लाकर फैला दिया है, ऐसे में उनकी ऊंचाई तो कम दिखने लगी है लेकिन समस्या वही है। पहाड़ को खत्म करने की गति नहीं बढ़ रही वजह साफ है कि जिस गति से कूड़े के पहाड़ों को खत्म किया जाना चाहिए था वह गति आगे नहीं बढ़ रही है। जिस पर चुनी हुई सरकार और अधिकारी बहाने बाजी करते हुए दिखाई देते हैं। वैसे तो एक साल से स्थायी समिति का गठन नहीं हुआ है, लेकिन उससे पहले जो समय-सीमा बढ़ाई गई थी उसके लिए कौन जिम्मेदार है यह जवाब निगम के पास नहीं है। तय समय-सीमा में काम पूरा न होने के पीछे निगम की ओर से प्रशासनिक और राजनीतिक कारण अक्सर गिनाए जाते हैं। पर नहीं होता है तो वह समस्या का समाधान। इन कूड़े के पहाड़ों की वजह से भूजल तो दूषित हो ही रहा है। वहीं इनसे निकलने वाली जहरीली मीथेन गैस लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही है और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा रही है। कूड़े के पहाड़ों को खत्म न होने के पीछे प्रशासनिक और राजनीतिक विफलता तो है ही, साथ ही कूड़े के पहाड़ों पर पहुंचने वाले कूड़े के लिए गीले-सूखे कूड़े का स्रोत पर निस्तारण न होने की वजह से प्रतिदिन इन लैंडफिल साइटों पर आने वाला नया कूड़ा है।



ऐसे में पुराने कूड़े के निस्तारण को यहां मशीनों से तो अलग किया जा रहा है लेकिन नया कूड़ा निगम की परेशानी को बढ़ा रहा है। राजधानी दिल्ली की बात करें तो प्रतिदिन 11300 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन उत्पन्न होता है। इसमें से 8713 मीट्रिक टन ओखला, नरेला, गाजीपुर और तेहखंड कूड़े से बिजली बनाने के प्लांट पर निस्तारित हो जाता है। बाकी एक हजार टन के करीब कूड़ा कंपोस्टिंग यूनिटों में चला जाता है। शेष 3200-3500 टन कूड़ा भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल पर जा रहा है। ओखला लैंडफिल पर फिलहाल नया कूड़ा नहीं जा रहा है, क्योंकि उस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले पूरे कूड़े की खपत या तो वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से हो जाती है या फिर कंपोस्टिंग यूनिटों से हो जाती है। स्वच्छ भारत मिशन में दिल्ली नगर निगम की ब्रांड अंबेसडर रूबी मखीजा कहती है कि कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए सबसे जरूरी इस पर नया कूड़ा जाने से रोकना होगा। इसे रोकने के लिए निगम अपने स्तर पर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट या कंपोस्टिंग प्लांट लगाकर कर सकते हैं। इसमें सर्वाधिक भूमिका नागरिकों की भी है। अगर, वह प्रतिदिन गीला-सूखा कूड़ा स्रोत पर ही अलग करने लगें तो प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कूड़े की मात्रा को बहुत कम किया जा सकता है। बार-बार बदल जाती है कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने की समस्य सीमा,दिल्ली में तीन कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने की समय सीमा 2022 से लेकर 2024 तक के बीच थी। फरवरी 2021 में निगम द्वारा एनजीटी में दिए गए हलफनामे के अनुसार गाजीपुर लैंडफिल को सितंबर 2024 तक खत्म हो जाना चाहिए था। जबकि ओखला लैंडफिल को मार्च 2023 और अक्टूबर 2022 में भलस्वा लैंडफिल को खत्म हो जाना चाहिए था। पर निगम बार-बार इनकी समय-सीमा बढाक र आगे कर दिया जा रहा है। हालांकि निगम के पास इसके लिए फंड की कोई कमी नहीं लेकिन प्रशासनिक कारणों से यह कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। निगम ने अब भलस्वा लैंडफिल साइट की समय-सीमा 2025 तो गाजीपुर की 2026 और ओखला लैंडफिल की समय-सीमा दिसंबर 2024 कर रखी है।निगम अधिकारियों के अनुसार इन लैंड्फिल साइटों पर मशीनों की संख्या बढ़ाने 30-30 लाख मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए निविदा प्रक्रिया कर ली गई लेकिन स्थायी समिति के गठन न होने और उसकी मंजूरी न मिलने की वजह इसके कायादेश तक नहीं हो पाए हैं। पहले कैसे थी लैंडफिल साइटों को खत्म करने की कार्ययोजना गाजीपुर लैंडफिल साइट- मार्च 2022 तक 25 फीसद खत्म होना था। मार्च 2023 50 फीसद खत्म होना था। सितंबर 2024 तक 100 फीसद खत्म है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

**मेरठ (आरएनएस)।** गंगानगर निवासी पीडब्ल्यूडी में कार्यरत एक कर्मचारी ने सोमवार को घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। गंगानगर के राजेन्द्रपुरम इलाके में 27 साल के देवांग सिंह राणा एक रिश्तेदार वीरेन्द्र सिंह, जोकि बरेली में पीडब्ल्यूडी के एकाउंट सेक्शन में में तैनात हैं, के यहां रहता था।

यह भी बताया गया है कि वह आजकल उन्हीं के साथ काम भी कर रहा था। आमतौर पर वह सुबह जल्दी कमरे से बाहर आ जाता था, लेकिन सोमवार को जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो परिवार के बाकि सदस्यों ने दरवाजा खटखटाया। उसका दरवाज भीतर से लॉक था। किसी ने भीतर झांक कर देखा तो उसका शव रूम के भीतर रैलिंग में डाली गयी रस्सी से झूल रहा था। यह देखकर वहां हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गयी। आसपड़ोस के काफी लोग भी वहां जमा हो गए। पुलिस के आने के बाद रूम का दरवाजा धक्का देकर तोड़ा गया। उसके बाद भीतर जाकर शव को नीचे उतारा गया।

मौके पर पहुंची गंगानगर पुलिस ने देवांग राणा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि देवांग नशे का आदी था। उसकी जेब से सूखा नशा, जोकि बहुत ही घातक होता है, वह मिला है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**सप्ताह भर की ली थी छुट्टी**

जांच में पता चला कि देवांग सिंह राणा ऋषिकेश जाने की बात कहकर सप्ताह भर की छुट्टी लेकर आया था, लेकिन जिन दोस्तों के साथ वह घूमने जाने की बात कहकर आया था, वह उनके साथ गया ही नहीं था, वह अपने कमरे में ही संभवत रुक गया था। उसकी मौत की खबर साथ रहने वाले रिश्तेदारों ने उसके परिवार वालों को भी दे दी है।

# संगठन के लेटर हेड पर कथित राजनैतिक दल का समर्थन पत्र देकर दुरुपयोग कर रहे है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** बरेली में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजीकृत जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष कुं.हरिवंश सिंह और वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू हैं इसका कार्य स्थल 27 प्रांतों में और लगभग दो करोड़ सक्रिय सदस्य प्राचीनतम 1897 से कार्यरत हैं। संज्ञान में आया है कि कतिपय महानुभाव संगठन के लेटर हेड पर कथित राजनैतिक दल का समर्थन पत्र देकर दुरुपयोग साजिशन कर रहे हैं, जबकि अभाक्षम ने जनपद् बरेली की 24 आंवला लोकसभा क्षेत्र में पूर्व में ही सपा को समर्थन सहयोग की घोषणा कर चुकी है। यदि ऐसा कोई करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इं.भुवनेश्वर सिंह राष्ट्रीय प्रमुख संगठन मंत्री

# चुनाव से पहले बीएसपी को एक और झटका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिशारतगंज (सददाम खान) बीएसपी पार्टी के बिशारतगंज क्षेत्र में पुराने व मेहनती कार्यकर्ता पूर्व विधानसभा महासचिव हमीद सलमानी ने आज पार्टी से त्यागपत्र दे दिया कहा कि ब्रह्म स्वरूप सागर के साथ गलत हुआ है उनका कोई दोष नहीं था इसी वजह से मैं भी पार्टी के पद और सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

# इस्सयोग' के प्रवर्त्तक महात्मा सुशील का द्विदिवसीय महानिर्वाण महोत्सव हुआ आरंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पटना ।** हजारों मुख से एक स्वर में हुए गगन-भेदी जयघोष के साथ, अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के संस्थापक एवं सूक्ष्म आध्यात्मिक साधना पद्धति 'इस्सयोग' के

**माँ विजया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन, देश-विदेश से सात हजार से अधिक इस्सयोगी ले रहे हैं भाग**

प्रवर्त्तक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार का दो दिवसीय २२वाँ महानिर्वाण महोत्सव, मंगलवार को तीसरे पहर से आरंभ हो गया। कंकड़बाग हाउसिंग कौलोनी स्थित संस्था के मुख्यालय और 'गुरुधाम' में अपराह्न दो बजकर बीस मिनट पर संस्था की अध्यक्ष सद्गुरुमाता माँ विजया जी के निर्देश पर संस्था के उपाध्यक्ष पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। संस्था के सचिव के एस वर्मा तथा संदीप गुप्ता ने सद्गुरु एवं





गुरुमाँ की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ इस्सयोगी लक्ष्मी प्रसाद साहू 'मामाजी' ने दोनों मूर्तियों पर रेशमी चादर अर्पण किया। इस अवसर पर संस्था की त्रैमासिक पत्रिका 'इस्सयोग संदेश' के महानिर्वाण-महोत्सव विशेषांक का लोकार्पण नीना एस गुप्ता द्वारा किया गया। आधे घंटे की सामूहिक 'आह्वान साधना' के पश्चात सवा तीन बजे से २२घंटे की अखंड सामूहिक साधना और संकीर्तन आरंभ हुआ, जिसका समापन बुधवार को पूर्वाहन सवा नौ बजे होगा। पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ, समर्पण के भाव से हजारों साधक-साधिकाएँ अपने परम आराध्य ब्रह्मलीन सदगुरुदेव के चरणों में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ के अनुसार, आज आरंभ हुए दो दिनों के इस सबसे बड़े उत्सव में संस्था के संयुक्त सचिव उमेश कुमार, संगीता झा, रेणु गुप्ता, शिवम् झा, काव्या सिंह झा, डा द्रासनिका पटेल, सरोज गुटगुटिया, डा जेठानंद सोलंकी, वंदना वर्मा, दीनानाथ शास्त्री, डा मनोज राज, माया साहू, डा रौबिन समुंदर , ममता जमुआर, कपिलेश्वर मंडल, अजीत पटनायक, रवींद्र कुमार, अजय पाण्डेय, डा मनोज धमीजा, नितिन साहू, सुशील प्रजापति, हरि पंडा, सुषमा मूलचंद, आर सी तिवारी, सुरेश बलेचा, डा गीतारानी जेना, संगीता ठाकुर, योगेन्द्र प्रसाद, संतोष कुमार तथा विनोद तकियावाला समेत अमेरिका, इंगलैड, औस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैंड, नेपाल तथा दुबई समेत दुनिया भर से सात हजार से अधिक साधकगण भाग ले रहे हैं।

# रौनाही में हुआ स्काई गल्फ का भव्य उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अयोध्या।** रौनही मार्केट स्थित नेशनल हाइवे अयोध्या पर आज स्काई गल्फ ट्रैवेल एजेंसी का



विधिवत उद्घाटन उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसीएशन के चैयरमैन अजीज सिद्दीकी,महामंत्री अब्दुल वहीद,सचिव जुबैर अहमद व इमरान खान अधिवक्ता हाईकोर्ट ने संयुक्त रूप से किया।

स्काई गल्फ पिछले कई वर्षों से टूर्स एंड ट्रैवेल्स की दुनिया में निरन्तर कार्य कर रहा है।इस अवसर पर स्काई गल्फ के प्रोपराईटर अब्दुल्ला खान ने बताया की हमारी एजेंसी एयर टिकट ,उमराह ,स्टैंपिंग,एमिग्रेशन इत्यादि का काम बड़े स्तर पर करती है और आने वाले समय में और वृहद स्तर पर करेगी।जिससे इलाके के लोगों को अब लखनऊ,बॉम्बे जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।उनका सारा ट्रेवल से जुड़ा हुआ काम यही हमारी एजेंसी द्वारा हो जया करेगा।उक्त अवसर पर अजीज सिद्दीकी,परवेज आलम, जुबैर अहमद, तौसीफ हुसैन, मुस्कान सोनी,आजम खान,निसार अहमद,अबसार अहमद, कहकाशां खान, अजहर अहमद, हेमन्त,नोमान सहित सैकड़ों को संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पं.सुदेश शर्मा बने बागपत लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के उम्मीदवार प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा मोदीनगर के पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा को बागपत लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति का (उम्मीदवार प्रभारी) बनाए जाने पर उन्हें लगातार बधाई देने का सिलसिला जारी है।

मंगलवार को पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा के तेल मिल गेट स्थित कार्यालय पर पहुंचकर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, भाजपा एवं रालोद के नेताओं तथा युवा नेताओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। बधाई देने वालों में सभासद सुबे सिंह, भाजपा नेता बीके शर्मा, व्यापारी नेता विनय शर्मा (मिंटू), छात्र नेता गौरव शर्मा भारद्वाज, युवा नेता प्रतीक चौधरी, योगी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल है।



# दिल्ली में 34 साल से रह रहे 60 हजार के करीब कश्मीरी हिंदुओं को वोट डालने के लिए चार मतदान केंद्र की व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** 60 हजार के करीब कश्मीरी हिंदू मतदान के लिए मतदान केंद्र की व्यवस्था निर्वाचन आयोग की ओर से के जा रही है। वर्षों से मूल निवास स्थान से दूर विस्थापन की जिंदगी जी रहे कश्मीरी हिंदुओं के मतदान के लिए दिल्ली में चार विशेष मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर जाकर लोग अपने मूल निवास के संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं।चुनाव आयोग ने पिछले महीने इसको लेकर अधिसूचना जारी की थी। दिल्ली में कश्मीरी पंडित विभिन्न जगहों पर रहते हैं। ऐसे में पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को कहा गया है। कश्मीर के बारामूला, श्रीनगर और अनंतनाग राजौरी संसदीय क्षेत्र की कुपवाड़ा, बारामुल्ला, बांदीपोरा, गंदरबल, श्रीनगर, बड़गाम, पुलवामा, कुलगाम और अनंतनाग विधानसभा क्षेत्र के विस्थापित लोग फॉर्म एम/12-सी के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। राजधानी में रहते हैं करीब 60 हजार कश्मीरी हिंदू ये फॉर्म ऑनलाइन या या सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) से प्राप्त कर सकते हैं और इसे डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से डाल सकते हैं। विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं को उनके मूल निवास का वोटर बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अभियान चलाया था। माना जाता है कि अभी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में करीब 60 हजार कश्मीरी हिंदू रह रहे हैं। कहां कितने बनाए गए हैं मतदान केंद्र जम्मू- 21 उधमपुर- 1 दिल्ली- 4 दिल्ली में यहां बनाए गए हैं मतदान केंद्र जे एंड के हाउस, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली उप निदेशक, बागवानी, योजना और विपणन कार्यालय, शालीमार बाग सरकारी बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पपरावट अर्वाचिन इंटरनेशनल स्कूल, एफ-ब्लाक दिलशाद गार्डन विस्थापित मतदाताओं के लिए हेल्पलाइन की सुविधा विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं की मदद के लिए हेल्पलाइन सुविधा भी शुरू की गई है। अगर उन्हें कोई परेशानी आती है तो वह टेलीफोन नंबर -0191-2586218,9622189330 पर संपर्क कर सकते हैं या फिर चुनाव आयोग की टोल फ्री सुविधा(1950) का इस्तेमाल कर सकते हैं राष्ट्रीय राजधानी में 34 वर्षों से रह रहे विस्थापित कश्मीरी हिंदू मतदाता पहली बार घाटी की लोकसभा सीटों पर मतदान करेंगे। अनुच्छेद 370 और 35ए के हटने के बाद घाटी में आए बदलाव से वे भविष्य को लेकर आशावान हैं, हालांकि वहां के हालात अभी लौटने के निर्णय लायक सुरक्षित नहीं मानते हैं, क्योंकि अभी भी हिंदू कामगारों को निशाना बनाया जा रहा है।

दक्षिणी दिल्ली के आइएनए मार्केट के कश्मीरी बाजार के दुकानदार राकेश राजदान कहते हैं कि वे घाटी के किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी की वरीयता में नहीं हैं। उनके साथ बैठे संजय लंगर ने कहा कि निश्चित ही कश्मीर में बदलाव आया है, जहां भारत का नाम लेना गुनाह था, वहां तिरंगा फहरा रहा है।

**हनुमान जयंती** — रजत श्रंगार के बाद पनकी समेत सभी मंदिरों में हनुमान जी के दर्शन पूजन को पहुंचे सैकड़ों भक्त

# कानपुर के मंदिरों में गूंजा जय श्री राम,जय हनुमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज यहां मंगलवार को संकटमोचक श्री हनुमान जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। उनके दर्शन और पूजन के लिए पनकी समेत सभी मंदिरों में भक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। इस दौरान सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

आज मंगलवारको संकटमोचन हनुमान जयंती पर श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर, दक्षिणेश्वर बाल हनुमान मंदिर, सोटे वाले बाबा मंदिर, सलेमपुर रूमा और संगीत तिराहे स्थित हनुमान मंदिर में भोर पहर से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भी उम्र थी दिखाई पड़ी। जय श्री राम जय हनुमान के उद्घोष सेसभी मंदिरों मेंमाहौलपूरी तरह से भक्तिमय रहा वही आज दूसरी ओर हनुमान





जयंती उत्सव पर भोर पहर पनकी दरबार में शहर के साथ आस-पास जिलों से पहुंचे भक्तों की लंबी-लंबी कतार और जय श्रीराम की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंगलवार को पनकी मंदिर में महंत श्रीकृष्ण दास और महंत जितेंद्र दास महाराज ने संकटमोचन का रजत श्रृंगार किया। श्रृंगार के बाद आरती में शंखनाद और घंटा-घड़ियाल के साथ बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर के बाहर संकटमोचन के दर्शन के लिए मध्यरात्रि से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतार लगी रही।

इसी प्रकार नेहरू नगर स्थित श्री बालाजी दरबार में भक्तों दर्शन कर समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। युवाओं की टोली सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं, जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर बालाजी मंदिर और सोटे वाले बाबा मंदिर में भी सैकड़ों भक्त हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचे।

# गेहूं का अवैध संचरण हुआ तो जिम्मेदार अफसरों पर एक्शन होगा : डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। मुरादाबाद में अवैध रूप से गेहूं की खरीद की जा रही है। इसमें कुछ सरकारी विभागीय अफसरों की भी व्यापारियों से मिली भगत सामने आ रही है। डीएम ने कलक्ट्रेट में हुई बैठक में साफ कहा कि अगर गेहूं का अवैध संचरण हुआ तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं। व्यापारियों, अढ़तियों के अलावा विभागीय अफसरों और क्रय एजेंसियों के जिम्मेदारों के साथ जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि गेहूं का अवैध भंडारण न होने दिया जाए। बाहरी राज्य और जनपदों में भी गेहूं भेजने की सूचना है इसे हर हाल में रोका जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने टीम गठित की है। उन्होंने कहा कि अगर गेहूं का अवैध भंडारण और अवैध संचरण मिला तो इसके लिए विपणन निरीक्षक, क्रय एजेन्सियों के केंद्र प्रभारी, मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारी भी जिम्मेदार होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस भरपूर सहयोग करेगी। साथ ही कहा कि भारतीय खाद्य निगम गेहूं की त्वरित अनलोडिंग कर सुरक्षित भंडारण करवाएगा। गेहूं के भरे ट्रक उसी दिन खाली हों ऐसा इंतजाम रखें। सोमवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में गेहूं खरीद पर कड़े तेवर दिखाए। जिलाधिकारी ने सीओ कटघर से कहा कि किसी दशा में गेहूं बाहर नहीं जाना चाहिए। अफसरों से कहा कि किसानों का शोषण नहीं हो उनको सहूलियत मिले। बैठक में गेहूं जिला खरीद अधिकारी एडीएम प्रशासन गुलाब चंद, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, पुलिस विभाग के अधिकारी क्रय एजेंसी प्रभारी, क्षेत्रवार खाद्यान्न के थोक व्यापारी, आढ़ती आदि उपस्थित रहे।

**▶▶ डीएम ने कलक्ट्रेट में हुई बैठक में साफ कहा कि अगर गेहूं का अवैध संचरण हुआ तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं।**

**▶▶ व्यापारियों, अढ़तियों के अलावा विभागीय अफसरों और क्रय एजेंसियों के जिम्मेदारों के साथ जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की**



# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अजोशी महावीर धाम यह श्रद्धा भाव से दर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर (एम.के.भारती सैफी)**। जौनपुर जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सेवा भारती मुरादाबाद जिला अध्यक्ष तथा प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने पवित्र चैत्र मास पूर्णिमा के दिन 23 अप्रैल 2024 को प्रातः काल जौनपुर जनपद के अजोशीमहावीर धाम जो बहुत ही प्राचीन श्री हनुमान का मंदिर है । जहां क्षेत्र वासियों एवं भक्त लोगों ने दान स्वरूप पांच मंजिला मुख्य द्वार एवं पांच ही मंजिल श्री हनुमान के मंदिर को बड़ी भव्यता के साथ तैयार किया है। बहुत पुराना वट वृक्ष है जिसके अनेक जड़ों के नीचे दीप प्रज्वलित करके धूप लगाकर भक्तगण श्री हनुमान चालीसा का पाठ श्री हनुमत स्तवन बजरंग बाण हनुमान स्तुति आदि का प्रत्येक मंगलवार को नियमित जाकर पाठ करते हैं ।

साथ ही प्रत्येक मंजिला पर श्री हनुमान जी के अलग-अलग स्वरूपों का विग्रह स्थापित है बगल में श्री राम जानकी मंदिर श्री राधा कृष्ण मंदिर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर शिव मंदिर श्री दुर्गा मंदिर मां सरस्वती मंदिर एवं गणेश मंदिर स्थित है प्रधानाचार्य ने मंदिर में स्वयं स्वच्छता का संदेश देते हुए कागज दोनापत्ते उठाकर विशेष साफ-सफाई का संदेश दिया।

मंदिर व्यवस्था के लोगों को और अत्यधिक विशेष साफ-सफाई करने की सुझाव भी दिया । प्रत्येक मंगलवार को यहां काफी बड़ा मेला लगता है दूर-दूर के दर्शन आरती यहां दर्शन करने आते रहते हैं इस अवसर पर विभूति नारायण मिश्र संजय माली ओमकार यादव उपस्थित रहे।







# समाजसेवी आफताब हाशमी ने की बिना दहेज के शादी, लोगों ने दी मुबारकबाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। दहेज विरोधी मंच के संयोजक डॉक्टर बी.एच.मिल्की ने कहा लोगों में धीरे-धीरे जागरूकता आ रही है और बिना दहेज के लोग शादी कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि दहेज विरोधी मंच के क्रांतिकारी सदस्य व निःस्वार्थ रूप से समाज सेवी ग्राम हरियाना जोया ज़िला अमरोहा के निवासी आफताब हाशमी पुत्र मौ० आशकार ने बिना दहेज के शादी करके समाज को बहुत बड़ा संदेश दिया है ।

दहेज में सिर्फ. तस्वी और और जा नमाज लेकर शादी की है। बिना दहेज के शादी करना आफताब हाशमी का सपना था जिसे पूरा करने के लिए उनके परिवार ने पूरा सहयोग किया। जो 22 अप्रैल 2024 पूरा हुआ । गांव की जामा मस्जिद के इमाम ने निकाह पढ़ाया है और लोगों ने दूल्हा-दुल्हन को अपनी नेक दुआओं से नवाजा । जहाँ आज के दौर में लोग दहेज लेने के लिए बेटियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। और रिश्ते में खटास पैदा करते हैं। वहीं दूसरी ओर आफताब हाशमी ने सुन्नत और शरियत का पालन करके निकाह किया है ।जिससे लोगों को बिना दहेज के सुन्नत तरीके से निकाह करने की प्रेरणा मिले । यह जानकारी दहेज विरोधी मंच के संयोजक बी०एच० मिल्की ने दी उन्होंने नव दम्पत्ति को निकाह की मुबारकबाद भी दी और लोगों से अपील की है कि आप भी आफताब हाशमी के नक्शे कदम पर चल कर बिना दहेज के सुन्नत तरीके से शादियाँ करें । जिससे समाज से यह दहेज रूपी बीमारी को हटाया जा सके ।



# शिव मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्री शिव मंदिर पर भक्तजनों ने भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। भगवान हनुमान की आरती कर प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, ठाकुर मनोज कुमार पुंडीर, ठाकुर राजकुमार पुंडीर, सतीश सिंह ,राजू सिंह ,टिंकू सिंह ,सुनील कुमार ,नीतू सिंह ,प्रदीप कुमार ,पप्पू सिंह, आकाश ठाकुर, जितेंद्र सिंह ,अरुन कुमार ,लव ठाकुर, राम अवतार सिंह,हरिओम सिंह, हुकम सिंह पाल,जगराज सिंह दानवती पाल , वैष्णो देवी,किरन पाल सिंह,राजेश सिंह, पप्पू सिंह,रवि कुमार,अरून कुमार, अकित कुमार, लटूरी सिंह,अनुज कुमार, संजय पुंडीर,राहुल कुमार,उमंग कुमार,रनवीर सिंह,लव पुंडीर,रूद्र पुंडीर,खेमपाल सिंह, भगवानदास पाल, महिपाल सिंह, सुभाष सिंह, सोहित कुमार पुंडीर आदि उपस्थित रहे।



# तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए होगा चुनाव, शेष पदों के लिए दावेदार निर्विरोध हुए निर्वाचित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव होगा इन पदों को छोड़कर बाकी पदों के लिए नामांकन करने वाले निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। आज नामांकन का दूसरा और अंतिम दिन था जिसमें अध्यक्ष के लिए हिमांशु और मोहम्मद अयूब ने नामांकन कराया वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए चरन सिंह ढाका ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष के तीन पद हैं जिन पर मोहम्मद अफसर वाजिद अली और महेंद्र सिंह ने नामांकन कराया महासचिव के लिए कमल कुमार ,शीशराम और नन्हे खा का नामांकन हुआ। सह सचिव प्रशासनिक पर शुभम कुमार और शह सचिव पुस्तकालय पर अतुल कुमार सह सचिव प्रकासन पर परितोष भारती का नामांकन दाखिल हुआ। कोषाध्यक्ष पर वैभव विश्नोई और भू प्रकाश सिंह नामांकन कराकर आमने-सामने आ गए। जबकि सदस्य कार्यकारिणी में सुहेल खान और जाहिद हुसैन का नामांकन किया गया इस तरह से कुल मिलाकर अध्यक्ष पद के लिए हिमांशु और मोहम्मद अयूब महासचिव पद के लिए कमल कुमार शीशराम और नन्हे खां एवं कोषाध्यक्ष के लिए वैभव बिश्नोई और भू प्रकाश के बीच चुनाव होना तय माना जा रहा है। महासचिव पद के लिए तीन नामांकन दाखिल किए गए हैं यदि किसी ने नामांकन वापस नहीं लिया तो यहां रोचक मुकाबला होगा। 29 अप्रैल को मतदान और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।



# उत्तम दुबे के तिलक की दावत में आदिवासी गरीबों को कराया भोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जौनपुर (एम.के.भारती सैफी)**। जनपद के मछली शहर तहसील स्थित ग्राम इट हां के ग्राम प्रधान मीरा दुबे के प्रतिनिधि हृदय नारायण दुबे के छोटे पुत्र उत्तम दुबे का 22 अप्रैल 2024 को तिलक के कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में मेहमान रिश्तेदार प्रशासनिक अधिकारी एवं राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी भाजपा विधायक सुषमा पटेल ब्लॉक प्रमुख सुजानगंज एवं अनेक गांवों के ग्राम प्रधान क्षेत्र के अन्य सामाजिक प्रबुद्ध वर्ग के लोग दावत में एकत्रित हुए वहीं पेड़ों के पत्तों से स्वदेशी अकाल धोने निर्मित करने वाले समाज के लोग मुसहर समाज के लोग जो अनुसूचित जनजाति वनवासी लोग होते हैं उन्हें भी दावत में प्रेम पूर्वक बुलाया गया था।

जहां संस्कृत मनोरंजन कार्यक्रम के अंतर्गत सुल्तानपुर जनपद से प्रसिद्ध शंकर पार्वती एवं राधा कृष्ण सुदामा की झांकी का कार्यक्रम चल रहा था। जहां कार्यक्रम को देखकर सब आनंदित हो रहे थे वही समाज के लोग भी अपने छोटे मोबाइल से महिलाएं वीडियो बनाकर अपने मन को प्रसन्न कर रहे थे ।

कार्यक्रम में उत्तम दुबे के मामा पंडित विनोद कुमार मिश्रा के साथ-साथ युवा भाजपा नेता पंडित सनत कुमार मिश्रा पंडित अवधेश नारायण मिश्रा एडवोकेट पंडित हरिनारायण दुबे सुधीर कुमार मिश्रा घनश्याम मिश्र वेंकटेश मिश्रा सूर्यांश में नागेश मिश्रा संजय दुबे अश्वनी कुमार दुबे संतोष कुमार दुबे उपेंद्र दुबे पांडा सुभाष पांडे सुदामा प्रसाद उपाध्याय मौहम्मद सुल्तान अली बड़ी संख्या में लोग आसपास के उपस्थित रहे।

सेवा भारती जिला अध्यक्ष ने बताया ठीक इसी प्रकार से समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपने शादी विवाह रामायण 13वीं अथवा कोई भी दावत हो जहां रिश्तेदार एवं समाज के कार्यक्रम में अपने क्षेत्र के कुछ अत्यंत गरीब समाज की निर्धन व्यक्तियों को भी दावत में अवश्य बुलाने की परंपरा प्रारंभ करनी चाहिए जिन्हें ऐसे स्वादिष्ट भोजन अथवा जलपान कभी खाने को नसीब नहीं होता है क्योंकि उनके पास इतना पैसा नहीं होता वह ऐसे वस्तु का सेवन कर सके और हम जिन बड़े आदमियों को दावत में बुलाते हैं वे सब अनेक बीमारियों से ग्रसित मरीज होते हैं। हमें डॉक्टर ने उचित सलाह देकर मना किया है घी से बनी हुई अथवा तेल से निर्मित सामान का सेवन बिलकुल न करें मीठी चीज बिल्कुल ना खाएं आपको शुगर की बीमारी है जो खाते नहीं है उन्हें दावत देते हैं जो भूखे हैं उन्हें छोड़ देते हैं भूखे व्यक्ति में भगवान वास करते हैं भूखे व्यक्ति को भरपेट भोजन करने पर भी उसे परिवार को दिल से दुआ देंगे किंतु बीमार व्यक्ति जो भोजन के स्वाद को चकेगा ही नहीं वह आपको कौन सी दुआ देगा इसलिए हो सकता है बड़ा व्यक्ति बहुत अच्छे कपड़े पहन कर सज धज कर आया होगा क्योंकि वह अमीर व्यक्ति है वहीं गरीब व्यक्ति महिला कुचला कपड़ा पहन कर आया होगा किंतु कपड़ों से दावत नहीं होती भगवान किसी के भी हृदय में विराजमान हो सकता है मेरा निवेदन है सभी लोग गरीब व्यक्तियों को दावत में अवश्य जगह दें उनके आने पर उनका स्वागत करें उचित स्थान पर बिठाना दावत प्रारंभ होने पर सर्वप्रथम उन्हें आमंत्रित करते हुए दावत खिलाएं और उनका हृदय से आशीर्वाद प्राप्त करें।







# टीएमयू पैरामेडिकल के ब्लॉसम बैश में हुनर का जलवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। तीर्थांकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में मेडिकल लेबोरेट्री तकनीक की ओर से ब्लॉसम बैश कार्यक्रम में फूड स्टाल, प्ले स्टाल, सिंगिंग और डांसिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। इससे पहले कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, एचओडी डॉ. रूचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्टुडेंट्स शिवानी और व्रशिता ने छोले चावल, अमित, अंशिता, और मनीषा ने चाय-नाश्ता, काव्या, उज्ज्वल, और राजकुमार ने दही-भल्ला, मोनिका और एकता ने फल चाट, आमर्श और आकाश ने मोमोज, प्रज्ञा और अरीबा ने पिज्जा-पापड़ी, हबीब, कामरान, इकराम, और जुबैर ने पान और कस्टर्ड, नंदिनी और वर्तिका ने मिठाई, आशीष और अभिषेक ने गोलगप्पे में अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। स्टुडेंट्स सुशील और कामरान ने अक्षर मिलाना, मीनाक्षी और यंशिका ने टैप और जीतो, आशीष ने तार खेल, आकाश और प्रतीक ने कलर बॉल बॉक्स, अभिषेक, अतुल, अंकुर, और श्याम बाबू ने ग्लास पिरामिड, अभिषेक और आशीष ने गनशूट एवम् रिंग फेंकना, भूमिका ने व्हाइट बोर्ड खेल के जरिए सभी का खूब मंनोरंजन किया। डीएमएलटी फर्स्ट ईयर की लाजवंती ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..., जबकि बीएमएलटी फर्स्ट ईयर के लवलीश ने कैसे हुआ.... गाने की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। छात्र अमित कुमार, मीनाक्षी एंड ग्रुप ने गुलाबी शरारा..., कृतिका और नंदिनी गौतम ने बालीवुड मैशअप.., अंजलि शर्मा एंड वर्तिका ने छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाई के..., सोनम, आरती, अंशिता एंड ग्रुप ने पंजाबी मैशअप..., अंजलि शर्मा, मिनाक्षी, भूमिका एंड ग्रुप ने राधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर किया। छात्रों हिंमाशु, प्रशान्त, उज्ज्वल एंड ग्रुप ने सामूहिक नृत्य करके खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में श्रीमती शाक्षी बिष्ट, मिस वर्षा राजपूत, मिस विवेचना, श्रीमती शिखा पालीवाल, श्री देवेंद्र सिंह, श्री शिवम अग्रवाल, श्री बैजनाथ दास, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती कंचन गुप्ता, श्री विनय पाठक, श्री पिनाकी अदक, श्री रवि कुमार, श्री अरविंद कुमार, श्री अमित कुमार, श्री दीपक कुमार, श्री आकाश चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन बीएमएलटी फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स आयुष सानी और प्रतीक चतुर्वेदी ने किया।

**तीर्थांकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में मेडिकल लेबोरेट्री तकनीक की ओर से ब्लॉसम बैश कार्यक्रम में फूड स्टाल, प्ले स्टाल, सिंगिंग और डांसिंग में स्टुडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा**







# परिषद विद्यालयों में वित्तीय गड़बड़ी रोकने के लिए शुरू की नई पहल: सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी हर महा पांच विद्यालयों का करेंगे निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में वित्तीय गड़बड़ी रोकने और त्वरित कार्रवाई के लिए विभाग ने नई पहल शुरू की है। विभाग ने तय किया है कि बीएसए बीईओ की ही तरह अब हर माह सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी भी अपने क्षेत्र के स्कूलों का भ्रमण कर वित्तीय मामलों की प्रगति देखेंगे। इस दौरान किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर वे बीएसए को इसकी रिपोर्ट देंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत विद्यालय स्तर पर खरीद आदि काम किए जाते हैं। कई बार ऐसा देखने में आया है कि इसमें विद्यालय स्तर पर की गई गड़बड़ी या कमियों की जानकारी उच्च स्तर पर काफी देर से होती है या तब होती है जब कोई अधिकारी विद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंचता है। ऐसे में जब तक मामला उच्च स्तर तक पहुंचता है, कई बार संबंधित अधिकारी व जिम्मेदार बदल जाते हैं। विभाग ने निर्देश दिया है कि सहायक वित्त व लेखाधिकारी हर माह पांच विद्यालयों का करेंगे निरीक्षण। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी हर माह कम से कम पांच शिक्षण दिवस में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान पाई जाने वाली वित्तीय कमियों का उल्लेख करते हुए अपनी संस्तुति के साथ संयुक्त रिपोर्ट बीएसए को देंगे। बीएसए इसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय स्तर पर इसके लिए आवश्यक निदेशों का अनुपालन कराएंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान बीएसए व मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक कंपोजिट ग्रांट के प्रयोग के संबंध में क्रय प्रणाली प्रक्रिया, सामग्री की गुणवत्ता व अभिलेखों का रखरखाव सुनिश्चित करेंगे।

**जन्मोत्सव** | भगवान हनुमान जी के बताएं मार्ग पर चलकर ही समाज और विश्व का होगा कल्याण: मुकेश माहेश्वरी

# हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। चेत्र शुक्ल पूर्णिमा पर आज हजारों लोगों की असीम आस्था और श्रद्धा का केंद्र मोनी शिव मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहां की भगवान हनुमान जी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और विश्व का कल्याण हो सकता है। पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण महेश्वरी द्वारा स्थापित हनुमान जी की 16 फुट ऊंची प्रतिमा पर लोगों ने जलाभिषेक किया उसके उपरांत चोला चढ़ाया गया तथा माल्यार्पण कर पूजन किया गया। प्रसिद्ध सुंदरकांड वाचक महेश बिश्नोई ने अपनी पार्टी के साथ संगीत मय सुंदरकांड का पारायण किया सुंदर भजन के बाद भगवान हनुमान जी की आरती हुई और प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जी को चोला अर्पित किया गया। हनुमान जी का पूजन पंडित सतीश कौशिक के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर अरविंद गुरु , संजीव कुमार, मोहित माहेश्वरी (अध्यक्ष वैश्य सभा कांठ) , कृष्ण अवतार अग्रवाल , दीपक बिश्नोई एडवोकेट, अभय बिश्नोई( पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा), राकेश माहेश्वरी, राम प्रकाश अग्रवाल, सुभाष चंद्र माहेश्वरी, दीपक मित्तल (पूर्व अध्यक्ष वैश्य सभा), , महेश गुप्ता , विजय माहेश्वरी, टीकाराम सैनी , राजन बिश्नोई, (जिला महामंत्री भा ज पा) , प्रदीप माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे । श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षक हरिश्चंद्र अग्रवाल एवं मुकेश माहेश्वरी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया ।श्री रामलीला मंदिर, वैश्य विश्नोई शिव मंदिर मुख्य बाजार, लाडलाबाद प्रकटेश्वर शिव धाम, सहित कई स्थानों पर हनुमान जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए गए।





# गर्मी का प्रकोप बढ़ने से नगर सहित जनपद के "अस्पतालों में हीट वेव वार्ड "हुआ स्थापित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। गर्मी का कहर बढ़ने की आहट को देखते हुए जनपद के सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। मंडल स्तरीय जिला अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी और पीएचसी पर हीट वेव वार्ड स्थापित कर दिया गया है। नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि हीट वेव वार्ड को कोल्ड रूम के तौर पर तैयार किया गया है जिसमें एसी, कूलर आदि से वातावरण को ठंडा रखा जाएगा। वार्ड में ऐसी सभी दवाओं आदि का इंतजाम रहेगा जो लू लगने यानि हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीज के इलाज में मददगार होंगी। डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर्रहीम ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों के मद्देनजर विकट लू चलने का अंदेशा बढ़ गया है। आज दोपहर बाद करीब 2:00 बजे तेज हवा के साथ आंधी भी चली मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गर्मी पड़ने की संभावना जताई है।

**नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि हीट वेव वार्ड को कोल्ड रूम के तौर पर तैयार किया गया है जिसमें एसी, कूलर आदि से वातावरण को ठंडा रखा जाएगा। वार्ड में ऐसी सभी दवाओं आदि का इंतजाम रहेगा जो लू लगने यानि हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीज के इलाज में मददगार होंगी**

# नायरा बनर्जी बिग बॉस ओटीटी 3 में बिखेरेंगी हुस्न का जलवा ?



सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 3 में जाने वाले कंटेस्टेंट के नाम लगातार सामने आ रहे हैं. मेकर्स एक से बढ़कर एक सेलेब्स को शो में आने के लिए अप्रोच कर रहे हैं. अभी तक बिग बॉस ओटीटी 3 में धमाका करने के लिए अभी तक शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, सना सईद, विकास जैन के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी सेलिब्रिटी के शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. इसी तरह अब नायरा बनर्जी, जिन्हें आखिरी बार रोहित शेट्टी की खतरों के खिलाड़ी 13 में देखा गया था, के रियलिटी शो में जाने की अटकलें हैं. अच्छी बात ये है कि नायरा ने शो में जाने की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए चुप्पी तोड़ी है। बिग बॉस ओटीटी 3 में अपनी जाने की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए, नायरा बनर्जी ने बताया कि

**बता दें कि ये सिर्फ नायरा बनर्जी नहीं है, जिन्होंने सलमान खान के शो को मना कर दिया है. इससे पहले भी मिश्कत वर्मा, गशमीर महाजनी और कई सेलेब्स ने खुले तौर पर कहा हैं कि वह इस शो के लिए नहीं बने हैं और इसलिए वे इसमें हिस्सा नहीं लेना चाहेंगे.नायरा बनर्जी की बात करें तो एक्ट्रेस हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निशांत मलखानी के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर खबरों में थीं. हालांकि नायरा और निशांत ने कभी भी रिश्ते में होने की बात स्वीकार नहीं की है और हमेशा कहा है कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे**

वह सलमान खान द्वारा होस्ट किये जाने वाला शो वह नहीं कर रही हैं. नायरा ने कहा कि उनसे हर साल बिग बॉस के लिए संपर्क किया जाता है. यहां तक कि बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए भी मेकर्स ने उनसे संपर्क किया, लेकिन हमेशा की तरह उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है. एक्ट्रेस ने बताया कि वह रियलिटी शो करने के मूड में नहीं हैं. बता दें कि ये सिर्फ नायरा बनर्जी नहीं है, जिन्होंने सलमान खान के शो को मना कर दिया है. इससे पहले भी मिश्कत वर्मा, गशमीर महाजनी और कई सेलेब्स ने खुले तौर पर कहा हैं कि वह इस शो के लिए नहीं बने हैं और इसलिए वे इसमें हिस्सा नहीं लेना चाहेंगे.नायरा बनर्जी की बात करें तो एक्ट्रेस हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निशांत मलखानी के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर खबरों में थीं. हालांकि नायरा और निशांत ने कभी भी रिश्ते में होने की बात स्वीकार नहीं की है और हमेशा कहा है कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे. वहीं कुछ हफ्ते पहले ये खबर आई थी कि दोनों ने अलग होने का फैसला किया है।

# रकुल प्रीत का पिंक साड़ी में छा गया देसी लुक, दिलकश अदाओं पर फिदा हुए फैंस

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपने हर एक लुक में कहर ढाती रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी खूबसूरत फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। लेकिन जब बात एक्ट्रेस के ग्लैमरस अंदाज की आती है तो उनकी बराबरी को कोई तोड़ नहीं है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपनी एक्टिंग और परफेक्ट ड्रेसिंग सेंस को लेकर आए दिन चचाओं में बनी रहती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही



फैंस के बीच छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमर अवतार देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। रकुल प्रीत सिंह ने लेटेस्ट तस्वीरों में पिंक कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो खूबसूरत नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने इस साड़ी लुक को व्हाइट कलर की ब्लाउज के साथ टिमअप किया है।
अपने इस आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने साड़ी-ब्लाउज के साथ जूलरी भी पहनी है। उनके दोनों कानों में सिल्वर ईयररिंग्स चमकते हुए नजर आ हैं। रकुल ने एक हाथ में सिल्वर चूडियां पहनी हैं तो दूसरे हाथ की उंगली में रिंग पहनकर लुक को और खूबसूरती से निखारा है।
बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।
एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, जिसके लिए वो अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर छाई अजय देवगन की मैदान, फीकी पड़ी अक्षय और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां!

फिल्म बड़े मियां छोटे मियां और मैदान ने एक साथ 11 अप्रैल को ईद के मौके पर थिएटर्स में दस्तक दी थी. दोनों ही फिल्मों ने शुरूआत में अच्छा कलेक्शन किया. अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां ने जहां हफ्ते भर में लगभग 50 करोड़ की कमाई की तो वहीं मैदान भी 28 करोड़ रुपए बटोर पाई. हालांकि दूसरे हफ्ते की शुरूआत में ही दोनों फिल्मों की कमाई में गिरावट आ गई है.
सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक बड़े मियां छोटे मियां ने नवें दिन 1.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था.वहीं वीकेंड के बावजूद दसवें दिन भी फिल्म खास कमाल नहीं दिखा पाई है. अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म ने दसवें दिन सिर्फ 1.75 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है. बड़े मियां छोटे मियां का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन अब 53.05 करोड़ रुपए हो गया है। अजय देवगन की स्पोर्ट्स-ड्रामा मैदान ने बड़े मियां छोटे मियां के मुकाबले कम कारोबार किया है. एक साथ रिलीज होने के चलते मैदान के कलेक्शन पर काफी असर हुआ है. हालांकि दसवें दिन के कलेक्शन के मामले में मैदान ने बाजी मार ली है और बड़े मियां छोटे मियां पिछड़ गई है.




रिपोर्ट की मानें तो मैदान ने दसवें दिन 2.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. पिछले एक हफ्ते में ये कलेक्शन सबसे ज्यादा है। बड़े मियां छोटे मियां के बाद अक्षय कुमार के पास वेलकम

**पिछले एक हफ्ते में ये कलेक्शन सबसे ज्यादा है। बड़े मियां छोटे मियां के बाद अक्षय कुमार के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स और हाउसफुल 5 जैसे मजेदार प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. वहीं अजय देवगन के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो एक्टर औरों में कहां दम था, रेड 2, दे दे प्यार दे 2 और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों में नजर आएंगे**

टू द जंगल, स्काई फोर्स और हाउसफुल 5 जैसे मजेदार प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. वहीं अजय देवगन के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो एक्टर औरों में कहां दम था, रेड 2, दे दे प्यार दे 2 और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# एलएसडी 2 ने दूसरे दिन ही बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, चंद लाख में सिमटी दो और दो प्यार!

थिएटर्स में इन दिनों कई हिंदी फिल्में पर्दे पर लगी हुई हैं. मैदान से लेकर बड़े मियां छोटे मियां तक और दिबाकर बनर्जी की एलएसडी 2 से लेकर विद्या बालन स्टारर दो और दो प्यार तक, सिनेमाघरों में दर्शकों को एंटरटेन कर रही हैं. हालांकि कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल की परफॉर्मेंस नहीं दे पा रही है और इसका असर उसके बिजनेस पर साफ नजर आ रहा है.




दिबाकर बनर्जी की एलएसडी 2 का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था. रोमांस, ड्रामा और क्राइम फिक्शन बेस्ड ये फिल्म साल 2010 की एलएसडी का सीक्वल है. हालांकि रिलीज के बाद दर्शकों का फिल्म को खास रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. 19 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म एलएसडी 2 जहां बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग करने में नाकाम रही तो वहीं दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन और कम हो गया।
सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो पहले दिन एलएसडी 2 ने 15 लाख रुपए से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर खाता खोला था. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में कमी देखी गई है. वीकेंड के बावजूद एलएसडी 2 ने दूसरे दिन महज 12 लाख रुपए कमाए हैं. यानी दो दिनों में फिल्म सिर्फ 27 लाख रुपए का ही कलेक्शन कर पाई है.
एलएसडी 2 के अलावा विद्या बालन स्टारर फिल्म दो और दो प्यार ने भी 19 अप्रैल को ही सिनेमाघरों में दस्तक दी है. ये फिल्म भी कुछ खास बिजनेस नहीं कर पा रही है लेकिन इसकी परफॉर्मेंस एलएसडी 2 से काफी बेहतर है. पहले दिन दो और दो प्यार ने 55 लाख रुपए की ओपनिंग की थी. वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन बढ़ा और इसने 85 लाख रुपए की कमाई की. इस तरह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दो दिन में 1.40 करोड़ रुपए बटोर लिए। शीर्षा गुहा ठाकुरता के डायरेक्शन में बनी फिल्म दो और दो प्यार एक रोमांस-ड्रामा है. फिल्म में विद्या बालन के अलावा प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंधिल राममूर्ति भी अहम किरदार निभाते दिखाई दिए हैं।

# पृथ्वीराज सुकुमारन की द गोट लाइफ ने दुनियाभर में मचा दिया तहलका, फिल्म ने मारी 150 करोड़ क्लब में धांसू एंट्री

मलयालम उद्योग इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहा है। कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बाद, पृथ्वीराज सुकुमारन की नवीनतम सर्वाइवल थ्रिलर आदुजीविथमः द गोट लाइफ ने दुनिया भर में 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। ब्लेसी द्वारा निर्देशित, यह मनोरंजक फिल्म बेन्यामिन के 2008 के सबसे ज्यादा बिकने वाले मलयालम उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित है।
ब्लॉकबस्टर पुलीमुरुगन को पीछे छोड़ते हुए, अब तक की तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली मलयालम फिल्म के रूप में उभरने के बाद, आदुजीविथम ने अपना विजयी प्रदर्शन जारी रखा। महज 25 दिनों में फिल्म ने दुनिया भर में 150 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली। यह उपलब्धि इसे मंजुम्मेल बॉयज और 2018 जैसी अन्य मॉलीवुड हिट फिल्मों के साथ रखती है, जो दुनिया भर में क्रमशः 235+ करोड़ और 180 करोड़ की कमाई के साथ समान मील के पत्थर तक पहुंची। आदुजीविथमः द गोट लाइफ एक मलयाली



आप्रवासी मजदूर नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरणा लेती है, जिसने सऊदी अरब में अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना किया था। हजारों भारतीयों को देशी अरबों द्वारा रेगिस्तान में एकांत खेतों में चरवाहों के रूप में गुलामी के लिए मजबूर किया गया था। फिल्म में दिखाया गया है नजीब के अस्तित्व, लचीलेपन और अंततः मुक्ति के संघर्ष पर प्रकाश।
मुख्य भूमिका में पृथ्वीराज सुकुमारन एक शक्तिशाली प्रदर्शन करते हैं जो दर्शकों को पसंद आता है। नजीब का उनका चित्रण एक प्रतिकूल वातावरण में फंसे एक व्यक्ति की हताशा, साहस और दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। निर्देशक ब्लेसी की उनके द्वारा चुनी गई कहानी के प्रति प्रतिबद्धता और एआर रहमान की संगीत प्रतिभा ने मिलकर एक सम्मोहक कथा प्रदान की।

# टाइगर नागेश्वर राव के हिंदी वर्जन ने तोड़े रिकॉर्ड, यूट्यूब पर मिले 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज

रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गई है। यह फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। तेलुग के बाद इस फिल्म को कुछ समय पहले यूट्यूब पर हिंदी में भी रिलीज किया गया था। अब खबर आ रही है कि फिल्म ने यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है।
यूट्यूब पर फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के हिंदी संस्करण को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। ये वाकई में बहुत बड़ी बात है। व्यूज के अलावा फिल्म लाइक्स के मामले में भी पीछे नहीं है। इस फिल्म को अभी तक 1 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में यह फिल्म जलवा बिखेर रही है। हिंदी के दर्शक इस फिल्म को जमकर पसंद कर रहे हैं। दर्शकों से मिली इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म के निमार्ता भी काफी



खुश है। फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा ने दक्षिण भारत के एक बहुत बड़े चोर की भूमिका निभाई है। वह इतना शातिर था कि उसने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रूमाल भी चोरी कर लिया था। दर्शक इस फिल्म के हिंदी संस्करण में रवि तेजा को हिंदी बोलते हुए सुन सकते हैं। इससे पहले उनकी हिंदी भाषा में डब होने वाली फिल्मों में उनकी वास्तविक आवाज नहीं होती थी। वह किसी डबिंग आर्टिस्ट की आवाज हुआ करती थी।
फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, अनुपम खेर, सुदेव नायर, नासर, मुरली शर्मा, अनुकृति, जिशु सेनगुप्ता और हरीश पेराडी ने भी अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स ने किया है। इसके निर्देशक वामसी कृष्णा हैं।

## उपचार के दौरान मासूम की मौत

**मेरठ(आरएनएस)।** उपचार के दौरान मासूम की मौत पर पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप लगाए। वह ब्रह्मपुरी पुलिस लेकर पहुंच गयी। हालांकि पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो पति को बेकसूर पाया। तारापुरी निवासी सलीम के घर पर उसकी पत्नी शीवा निवासी लिसाड़ीगेट पुलिस लेकर जा पहुंची। उसने आरोप लगाया कि उसके मासूम बच्चे की मौत का जिम्मेदार उसका पति है। जबकि पति ने सलीम ने आरोप लगाया कि मासूम की मौत की जिम्मेदार जिम्मेदार शीवा है। वह उसको छोड़कर एक माह पूर्व अपने मायके चली गयी थी। जब उसको लेने गए तो उसने अपने मायके वालों से हमला कर दिया। बच्चे का काफी इलाज कराया। उसने पुलिस वालों को इलाज के पेपर भी दिखाए। जिसके बाद पुलिस वाले वहां से लौट गए। सलीम ने आरोप लगाया कि शीवा मासूम के दफीना में भी शामिल नहीं हुई।


# जनता के सवालों से भागने की बजाय उनका जवाब दें भाजपा-जजपा के लोग : दलबीर किरमारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार(राजेश सलूजा)** । आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर जनता किरमारा ने भाजपा व जजपा के नेताओं को सलाह दी है कि वे जनता के सवालों से भागने की बजाय उनका जवाब दें। वास्तव में जनता, खासकर किसान वे ही सवाल

**ये सवाल तीन-चार वर्ष पुराने हैं जो सत्ता के घमंड में भाजपा व जजपा को सुनाई नहीं दिए**

कर रहे हैं जो भाजपा व जजपा के नेताओं को तीन या चार साल पीले सुनने चाहिए थे लेकिन सत्ता के घमंड में इन्हें कुछ सुनाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र सहित हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतकर भाजपा-जजपा को घर का रास्ता दिखा देंगे। दलबीर किरमारा ने कहा कि किसानों




सहित जनता के हर वर्ग ने भाजपा व जजपा के नेताओं को अपनी आवाज सुनाने का प्रयास किया। कर्मचारियों, आंगनवाड़ी वर्करों, आशा वर्करों, किसानों व मजदूरों सहित हर वर्ग ने अपनी जायज मांगों के हल के लिए आंदोलन किए लेकिन सत्ता के नशे में भाजपा व जजपा के नेताओं को कुछ सुनाई नहीं दिया। यही नहीं, जब आंदोलनकारियों ने अपनी आवाज को बुलंद करने का प्रयास किया तो उन पर सरकार ने बेरहमी से लाठियां व गोलियां चलाकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया ताकि वे बोल न सके। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगे व समस्याएं रखने के लिए दिल्ली जा रहे थे तो उनके रास्ते रोके गए, उन पर पानी की बौछारें छोड़ी गई, रास्तों में कीलें बिछा दी और आज भाजपा व जजपा के नेता उन्हीं किसानों में जाकर वोट मांग रहे हैं। दलबीर किरमारा ने कहा कि जब रास्ते रोकने, कीलें बिछाने व लाठीचार्ज से भी भाजपा-जजपा के लोगों का मन नहीं भरा तो इसी सरकार में बैठे लोगों ने किसानों को देशद्रोही, आतंकवादी तक कहा और उन पर तरह-तरह के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव का वक्त आया है तो भाजपा व जजपा के नेता गांवों में जा रहे हैं और जब किसान व आम जनता उनके सामने अपनी आवाज उठाकर सवाल पूछ रहे हैं तो वे जवाब देने की बजाय उनके सवालों से भाग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा व जजपा के नेताओं को जनता के सवालों से भागना नहीं चाहिए बल्कि जवाब देना चाहिए। आप नेता ने किसानों, मजदूरों, आंगनवाड़ी व आशा वर्करों सहित आम जनता से आह्वान किया कि वे भाजपा शासन के 10 वर्षों में हुई ज्यादती को भूलने की बजाय याद रखें और भाजपा-जजपा के खिलाफ मतदान कर-के उन्हें सत्ता से बाहर करें ताकि वे फिर कभी कोई ज्यादती न कर पाएं।

## लोकसभा चुनाव के बाद गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में कुलपति की होगी तैनाती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में स्थापित गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का नामकरण होने और कुल सचिव की तैनाती के बाद अब कुलपति की तैनाती का इंतजार है। लोकसभा चुनाव की वजह से कुलपति की तैनाती नहीं हुई है। नामकरण, कुलसचिव की तैनाती के बाद सबसे पहले नया कार्यालय खुलना है। चार किसानों की जमीन में अभी तीन किसानों की जमीन की रजिस्ट्री होना बाकी है। लोकसभा चुनाव की वजह से शेष जमीन की रजिस्ट्री भी लटकी हुई। रजिस्ट्री होने के बाद ही निर्माण एजेंसी के रूप में नियुक्त पीडब्ल्यूडी को एमडीए से विश्वविद्यालय का नक्शा भी पास कराएगा। शासन से पीडब्ल्यूडी से कुछ पैसा भी रिलीज होने की बात कही जा रही है। अब लोकसभा चुनाव की आचार सहिंता हटने के बाद जून में आगे की कार्यवाही तेज होगी। इससे जुलाई में नया सत्र शुरू हो सके। इसके लिए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध मुरादाबाद मंडल के कालेज को जुलाई से सत्र शुरू होने का दावा पहले होगी कुलपति की तैनाती पीडब्ल्यूडी को कुछ पैसा विश्वविद्यालय के निर्माण के लिएरिलीज हुआ है। चार में एक किसान की रजिस्ट्री हो चुकी है। तीन की होना शेष है। लोकसभा चुनाव बीतने के बाद तीनों किसानों की जमीन रजिस्ट्री कराई जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद जून में शासन स्तर से कुलपति की तैनाती होने की संभावना है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**मेरठ (आरएनएस)।** जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। आज जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत खिर्वा जलालपुर, चौ0 बशीर खां इंटर कालेज हर्रा, सर्वहितकारी कन्या इंटर कालेज करनावल में बनाये गये बूथो का निरीक्षण किया। उन्होने बूथो पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, बीएलओ, बूथकर्मी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने लोगों को किया मतदान के लिए जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की हापुड़ रोड स्थित मुख्य शाखा के शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा जनसाधारण को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया।

रैली कक्षा 6 से 12 के छात्र छात्रों द्वारा मोदीनगर की मोदीपोन कॉलोनी में निकाली गई। रैली में सभी विद्यार्थियों ने अपने हाथों में पहले मतदान फिर जलपान, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता आदि नारे लिखित तख्तियां अपने हाथों में ली हुई थीविद्यार्थियों द्वारा कॉलोनी में






कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए कालोनी वासियों को मतदान के प्रति जागरुक भी किया गया। नुक्कड़ नाटक द्वारा बच्चों ने सभी लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए समझाया कि मतदान करना सभी के लिए कितना जरूरी है। बच्चों ने कालोनी वासियों को बताया कि मतदान हमारा अधिकार और हमारा कर्तव्य दोनों है। नुक्कड़ नाटक से सभी प्रभावित हुए तथा मतदान के लिए प्रेरित भी हुए।

रैली के साथ विद्यालय के शिक्षकगण भी सम्मिलित थे।

# न प्रचार,न जनसंपर्क तो कैसे करेंगे हाथी की सवारी


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गाजियाबाद लोकसभा की सीट पर जीत पाना किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान बात नही है। चुनाव धन बल और परिपक्वता का इम्तिहान लेता है लेकिन इस इम्तिहान में बसपा प्रत्याशी पूरी तरह फैल नजर आ रहे है। क्योंकि मतदान में केवल दो दिन बचे है और अब तक धौलाना विधानसभा क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी का जिस तरीके का प्रचार प्रसार होना चाहिए था उस तरीके का प्रचार नजर नही आ रहा है और न ही कोई जनसंपर्क नजर आ रहा है। यहां तक कि पिलखुवा में तो बसपा का चुनाव कार्यलय भी अभी तक नही खुल सका है। अगर यही हाल रहा तो बसपा प्रत्याशी कैसे करेंगे हाथी की सवारी या सिर्फ उनका ख्वाब, खवाब ही बनकर रह जायेगा। आपको बताते चले के गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है ऐसे में यहाँ सियासी पारा भी हाई हो गया है। बीजेपी ने दो बार के सांसद जनरल











वीके सिंह का टिकट काटकर अबकी बार गाजियाबाद लोकसभा सीट से विधायक अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनकर मैदान में उतारा है। तो वही गठबंधन की प्रत्याशी डोली शर्मा है। बसपा न यहां से ठाकुर चेहरा नंदकिशोर पुंडीर पर दांव लगाया है। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 1991 में से ज्यादातर भाजपा चुनाव जीतती आ रही है। इस सीट पर 1991 से 2004 तक रमेश चंद्र तोमर ने जीत दर्ज की थी 2004 में एक बार कांग्रेस से सुरेंद्र प्रकाश गोयल सांसद चुने गये थे। 2009 में बीजेपी से राजनाथ सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में बीजेपी ने जनरल वीके सिंह को मैदान में उतारा और वो लगातार यहां से दो बार सांसद रहे। अब तक ज्यादातर इस सीट से ठाकुर उम्मीदवार ही जीतता आया है। इस बार बीजेपी ने वैश्य समाज के विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है हालांकि क्षेत्र में अतुल गर्ग का विरोध भी देखा जा रहा है। लेकिन विरोध के बावजूद भी बीजेपी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

नगर निवासी मयंक शर्मा का कहना है कि बिना जनाधार वाले व्यक्ति को पार्टी टिकट तो दे देती है लेकिन ऐसे प्रत्याशी मतदाताओं का मत अपने पक्ष में नही ले पाते है और पार्टी की नैया को डुबाने की दिशा में ले जाते है। अब आप ही देख लीजिए मतदान में केवल पांच दिन बचे है और नगर में बसपा का एक झंडा तक नही लगा हुआ है। न ही बसपा प्रत्याशी लोगो के बीच आ रहे है आपको सच बताऊ तो मेरे आसपास के लोगो को तो बसपा के प्रत्याशी का नाम तक मालूम नही है ।

नगर के प्रह्लाद नगर निवासी मुकेश कुमार से जब बुलन्द संदेश की टीम ने पूछा कि चाचा आप बसपा प्रतियाशी का नाम जानते है। तो उन्होंने कहा नही। फिर पूछा कि आपने उन्हें कभी देखा है तो उन्होंने कहा कि भैया हमने उन्हें कभी नही देखा है और न ही हमे उनका नाम पता है।

मोहब्बत अली ने बताया कि बसपा के प्रत्याशी का नाम तो हमे मालूम नही है बस भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी का नाम तो जानते है इनको हमने देखा भी है। लेकिन बसपा प्रत्याशी को हमने कभी नही देखा है।

चौधरी ओमपाल सिंह ने बताया जिस तरीके से भाजपा के लोगो द्वारा नगर में प्रचार किया जा रहा है उससे हमें पता चला कि भाजपा का प्रत्याशी अतुल गर्ग है। लेकिन किसी और पार्टी का प्रचार प्रसार तो हमे कही दिखाई नही दे रहा है। न हम कांग्रेस के प्रत्याशी को जानते है और न ही हम बसपा प्रत्याशी को।

देवेंद्र कुमार ने बताया कि भैया बसपा का प्रत्याशी कौन है हम नही जानते है और क्या नाम है यह भी नही जानते है तो अब आपको बसपा प्रत्याशी का नाम कैसे बताये। न तो कही बसपा का झंडा दिखाई देता है और न ही कोई पोस्टर।

# मोदी लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रहरी : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय** । केंद्रीय मंत्री और बिहार के बेगूसराय से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा साहब के संविधान के अनुरूप गरीबों को ताकत दी है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव के पूर्णिया में महागठबंधन को



नहीं तो एनडीए को वोट देने की अपील को लेकर कहा कि अब महागठबंधन और तेजस्वी यादव अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं, यही कारण है कि उन्होंने ऐसा कहा है। मुझे खुशी है कि वे मेरे लिए अपील कर रहे हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवैसी ब्रदर्स और सारे लोगों को मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि वे इस चुनाव में घोषणा करें कि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून लाएंगे। मैं समझ लूं कि वे अधिक बच्चा पैदा करने वाले समूह को समर्थन नहीं करते। विपक्ष के केंद्र सरकार पर हिटलरशाही के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अगर हिटलरशाही होती तो ओवैसी की जुबान खुलती? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि वे भारत माता को गाली देते?

# तीन दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन 3 मई से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान मे इस वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पुरूष एवं महिला क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2024 प्रतियोगिता का आयोजन जिला गाजियाबाद के मोदीनगर के सीकरी खुर्द स्थित जेपीएम पब्लिक स्कूल के परिसर में आगामी 3 मई से होने जा रही है।

तीन दिनों तक चलने वाली यह पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता गाजियाबाद पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की जाएगी। जिसका समापन 5मई को होगा। इस प्रतियोगिता मे सम्पूर्ण उत्तर



प्रदेश राज्य से खिलाडियो के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा और प्रत्येक वर्ग मे दो दो विजेताओ को राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतिभागियो के नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 26 अप्रैल तक जारी रहेगी। नामांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल से की जा रही है। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवँ मास्टर्स श्रेणी मे महिला एवँ पुरूष के लिए अलग अलग आयोजित की जाएगी। मोदीनगर मे पहली बार इतने बडे स्तर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होने जा रही है। जिसमे सम्पूर्ण राज्य के लगभग 400 प्रतिभागी और 30 से ज्यादा राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय निर्णायक शामिल होंगे। गत वर्ष यह प्रतियोगिता मई 2023 मे लखनऊ मे आयोजित हुई थी जिसमे चिन्मय शुक्ला, गाजियाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया था।

# समद और काजिम की फिरकी में उलझी मेरठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** टूर्नामेंट के खेले गए तीसरे मैच में बाईसीएन बुलंदशहर में टैप्स क्रिकेट अकादमी मेरठ को 103 रनों से हराया टेप्स क्रिकेट अकैडमी मेरठ में टास जीतकर पहले गेंदबाजी

**एससीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल के मैदान पर चल रहे अंडर 14 एस सी ए मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट जो कि साई स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के द्वारा आयोजित कराया जा रहा है**

करने का फैसला किया निर्धारित 40 ओवरों के मैच में बाई सी एन क्रिकेट अकैडमी बुलंदशहर ने 35.3 ओवरों में सभी विकेट





होकर 183 रन बनाए। बाईसीएन क्रिकेट अकादमी की तरफ से काजिम ने सर्वाधिक 55 रन तथा मोहम्मद अजान ने 37 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया टैप्स क्रिकेट अकादमी की तरफ से नमन, शिवम तोमर, प्रियांशु, प्रखर, विराज वर्मा ने क्रमशः 2-2 विकेट प्राप्त किया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टेप्स क्रिकेट अकैडमी मेरठ 17.5 ओवरों में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टैप्स क्रिकेट अकादमी की तरफ से युवराज ने सर्वाधिक 28 तथा रूद्र जोशी ने 23 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया बाई सी एन क्रिकेट अकादमी बुलंदशहर की तरफ से समद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 ओवरों में 9 रन देखकर 5 विकेट प्राप्त किए तथा काजिम ने 6 ओवरों में 22 रन देकर 3 विकेट वह हर्ष चौधरी ने 2.5 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। बाईसीएन क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 103 रनों से जीता। मैच में शानदार गेंदबाजी करने के लिए समद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एस के डी स्कूल के अध्यक्ष श्री विजय कुमार एडवोकेट द्वारा दिया गया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल टूनामेंट के अध्यक्ष श्री राजेश टोल तथा साई स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर संजय आनंद, तथा साइन एकेडमी के कोच नाजिम अली व राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**प्रेस वार्ता**

**प्रेस वार्ता मे बोले सेठ कासिम सम्भल की जनता को स्वास्थ्य सुविधा देना उनका मकसद**

# हसीना बेगम अस्पताल मे जल्द खुलेगा ब्लड बैंक ओर होगी न्यूरो सर्जन की सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** नगर का सुप्रसिद्ध हसीना बेगम हॉस्पिटल अब तमाम सुविधाओं के साथ मरीजों के लिए खड़ा नजर आयेगा। जल्द यहां ब्लड बैंक ओर न्यूरो सर्जन की सुविधा हफ्ते भर के अन्दर मिलेगी।

मंगलवार को नगर के चन्दौसी मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध हसीना बेगम हॉस्पिटल मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे हॉस्पिटल के ऑनर सेठ कासिम ने



जानकारी देते हुए बताया की अब उनके अस्पताल मे न्यूरो सर्जन एवं ब्लड बैंक की सुविधा सुचारू होने जा रही है एक सप्ताह मे प्रयास कर यह दोनो कार्य करेंगे। हमारे यहां बहुत कम रेटो पर डिलीवरी ओर दूसरी सुविधायें हैं हमारा मकसद सभल की जनता को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभा देना है नाकी पैसा कमाना। हमारे यहां पर स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, जनरल सर्जन, हृद्य रोग ओर अन्य डॉक्टर की टीम 24 घण्टे मौजूद हैं किसी भी समय मरीज आने पर डॉक्टर को वीजीट करना नहीं पड़ेगा बल्कि अस्पताल मे ही रहते है। इस दौरान डॉ कुनाल फिजिशियन मेडिसन, डॉ सुधीर कुमार बाल चिकित्सक, डॉ प्रितुषा स्त्री रोग विशेषज्ञक, डॉ भुवनेश हड्डी विशेषज्ञक, डॉ मेराज जनरल सर्जन उबी, डॉ अमित कुमार हृदय रोग विशेषज्ञक तथा आयुषमान की व्यवस्था देखने वाले गौरव आदि प्रेस वार्ता मे मौजूद रहे।

# 11 मई के स्थान पर अब 13 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मेरठ (आरएनएस)।** सिविल जज (सी0डि0)/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य चुनाव, 2024 की अधिसूचना जारी किये जाने के कारण मा0 कार्यपालक अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 11.05.2024 के स्थान पर दिनांक 13.07.2024 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में श्रीमान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित (जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है) आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल (अशमनीय वादो को छोड़कर), वैवाहिक विवाद (विवाह विच्छेद/तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो (जनपद न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित मात्र), सिविल वादो (किराया सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) तथा प्रीलिटीगेंशन वादः-सभी प्रकार के दीवानी व सुलह समझौते योग्य अपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267